■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक-33)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 16 सितंबर , 2024



गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

जश्न-ए-चिरांगा : पैगंबर साहब की आमद पर मछरिया क्षेत्र रोशनी से सराबोर 8 | आरोप: दुकानदार जूस में मानव मूत्र मिला कर बेच रहा था 7

### मध्यावधि चुनाव की ओर केजरीवाल

# दो दिन बाद दिल्ली सीएम पद से इस्तीफा देने की घोषणा की



नई दिल्ली।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति 'घोटाला' मामले में कुछ शर्तों के साथ जमानत दी थी, जिसके बाद आज रविवार को वह पहली बार आम आदमी पार्टी के मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने 'आप'कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। इसी के साथ उन्होंने एक बड़ा ऐलान किया।केजरीवाल ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि आज से 2 दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे।इस्तीफा देने का ऐलान करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज से 2 दिन बाद मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफ़ा दे दूंगा। अब जब तक दिल्ली की जनता अपना फ़ैसला नहीं सुना देती है तब तक मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूँगा।मैं जनता के बीच में जाऊंगा, गली-गली में जाऊंगा, घर-घर में जाऊंगा और जब तक जनता का फैसला नहीं मिल जाता, तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। जेल से बाहर आने के बाद अग्निपरीक्षा देना चाहता हूं।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, ...मैं 2 दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। जब तक जनता अपना फैसला नहीं दे देती, मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई पाबंदियों के कारण हम काम नहीं कर पाएंगे। यहां तक कि उन्होंने भी हम पर पाबंदियां लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अगर आपको लगता है कि मैं ईमानदार हूं, तो मुझे बड़ी संख्या में वोट दें। मैं चुने जाने के बाद ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा।चुनाव फरवरी में होने हैं। मैं मांग करता हूं कि नवंबर में महाराष्ट्र चुनावों के साथ चुनाव कराए जाएं। चुनाव होने तक पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री होगा। अगले 2-3 दिनों में विधायकों की बैठक होगी, जिसमें अगले मुख्यमंत्री पर फैसला होगा।दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, इन्होंने( भाजपा) एक और नया फॉर्मूला बनाया है जहां जहां ये चुनाव हारे वहां-वहां के मुख्यमंत्री पर फर्जी केस करके गिरफ्तार कर लो और उसकी सरकार गिरा दो। इन्होंने सिद्धारमैया, पिनाराई विजयन, ममता दीदी पर केस कर रखें हैं।ये एक विपक्ष के मुख्यमंत्री को नहीं छोड़ते सभी पर फर्जी केस करके जेल में डालते हैं और सरकार गिरा देते हैं।

## बांग्लादेश में शेख हसीना और 58 अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

ढाका।बांग्लादेश में पिछले महीने हुई हिंसक झड़प के दौरान एक छात्र की हत्या के प्रयास के आरोप में देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 58 अन्य के खिलाफ एक और नया मामला दर्ज किया गया है।मीडिया में रविवार को जारी खबर में यह जानकारी दी गई।

देश की पूर्व प्रधानमंत्री (76) के खिलाफ दर्ज मामलों की श्रृंखला में यह नवीनतम मामला है। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के कारण शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं।बताया गया कि फहीम फैजल (22) ने यह मामला दर्ज कराया है। फहीम ने दावा किया कि हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के गिरने से एक दिन पहले चार अगस्त को दिनाजपुर में सरकार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान उसपर गोलियां चलाई गई थीं जिससे वह घायल हो गया था। खबर में बताया गया कि फहीम द्वारा दर्ज कराए गए मामले के बाद हसीना के खिलाफ अब तक दर्ज कराए गए मामलों की संख्या 155 हो गई है। जिसमें हत्या के 136, मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के सात, अपहरण के तीन, हत्या के प्रयास के आठ और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के जुलूस पर हमले का एक मामला शामिल है।मामले के तहत दर्ज बयान के अनुसार, प्रदर्शनकारियों पर आग्नेयास्त्रों और हथियारों से हमला किया गया था जिसके कारण फहीम को कई चोटें आईं। इस मामले में हसीना, पूर्व सचेतक इकबालुर रहीम और दिनाजपुर सदर उपजिले के अध्यक्ष इमदाद सरकार सहित 59 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

## आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य और ताला थाने के प्रभारी को अदालत में पेश किया गया



कोलकाता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक से कथित बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में चिकित्सकीय संस्थान के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और ताला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को रविवार को यहां एक अदालत में पेश किया। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''हम सियालदह अदालत से उन्हें हिरासत में सौंपे जाने का अनुरोध करेंगे।''सीबीआई ने इस मामले में शनिवार को संदीप घोष के खिलाफ साक्ष्यों से छेड़छाड़ का आरोप जोड़ा था। घोष भ्रष्टाचार के एक मामले में इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने मंडल को भी गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि मंडल को सबूतों से छेड़छाड़ करने और प्राथमिकी दर्ज करने में देरी समेत अन्य आरोपों के तहत गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई अधिकारियों ने शनिवार को मंडल से कई घंटों तक पूछताछ की, लेकिन ''संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर'' शाम को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने रांची में छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

रांची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रांची में रविवार को डिजिटल माध्मय से झारखंड, ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री का टाटानगर से इन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम था लेकिन कम दृश्यता और खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका।इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार टाटानगर स्टेशन पर उपस्थित थे। ये नयी ट्रेन टाटानगर-पटना, ब्रह्मपुर-टाटानगर, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-वाराणसी, भागलपुर-हावड़ा और गया-हावड़ा मार्गों पर चलेंगी।प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि ये ट्रेन आवागमन के समय को कम करने में मदद करेंगी। इन



वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदायों को लाभ होगा।ये रेलगाड़ियां देवघर (झारखंड) में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में काशी विश्वनाथ मंदिर, कालीघाट, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में बेलूर मठ जैसे तीर्थ स्थलों तक आवागमन का समय कम करके क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। बयान में कहा गया है कि इससे धनबाद में कोयला और खान उद्योग, कोलकाता में जूट उद्योग, दुर्गापुर में लोहा और इस्पात से जुड़े क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा।

## बस करो नेताजी बहुत हो गया... मोदी विरोध करते करते कब देश विरोधी हो गए: राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा विवादों में घिरी हुई है। दरसअल, अमेरिका यात्रा के दौरान नेता ने बहुत सी ऐसी बातें बोलीं, जिसकी वजह से देश में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन तक हो गए। राहुल ने अपने एक संबोधन के दौरान भारत में सिखों की स्थिति को लेकर बहुत ही भड़काऊ और आपत्तिजनक बयान दिया। इसके बाद उन्होंने भारत-विरोधी अमेरिकी सांसद के तौर पर कुख्यात इल्हान उमर से मुलाकात की। कांग्रेस सांसद, जोकि एक महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर हैं, की इन हरकतों को देखकर दुनिया के भारतवंशी हैरान है।

अमेरिका के वर्जीनिया में सिखों की मौजूदगी वाले एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने भारत में सिखों की स्थिति पर भड़काऊ बयान दिया।

उन्होंने इस कार्यक्रम में एक सिख पत्रकार की ओर इशारा करते हुए कहा %क्या आपको सिख होने के नाते भारत में पगड़ी पहनने की इजाजत होगी ? आपको कड़ा पहनने की अनुमति मिलेगी ? क्या सिख गुरुद्वारा में जा सकेंगे ?

सभी लोगों को गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं





बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें www.bpsnews.in

सम्पादक (बी.पी.साहू) मो.8423454502,9335908846

सभी लोगों को गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

Owner Management Suresh Sahu M.-8303637506, 9792526852

NEW SAHU FAMILY RESTAURANT

638y-1, Block Kidwai Nagar

Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur

Web .site--www.sahufamilyrestaurant.com





सभी लोगों को गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



## संपादकीय

### केजरीवाल को जमानत

कई महीने जेल में गुजारने के बाद आखिरकार आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल ही गई। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज कुछ हफ्ते पहले हुई इस रिहाई की राजनीतिक चश्मे से अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। भले ही फैसले से आप ने राहत की सांस ली हो, लेकिन जमानत के विरोध को लेकर सीबीआई की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठे हैं। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को शराब घोटाले में ईडी द्वारा दर्ज मामले में यह जमानत दी है। हालांकि, अब केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद मैं सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिये यह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने केजरीवाल की रिहाई के आदेश देकर संवैधानिक और कानूनी रूप से सही कदम उठाया है। सार्वजनिक विमर्श में भी यह बात उठती रही है कि एक मुख्यमंत्री व एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के नेता को सामान्य अपराधी की तरह ज्यादा समय तक जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। अदालत ने कुछ समय पहले इस मुद्दे को लेकर अपनी राय प्रकट की थी।वहीं दूसरी ओर अदालत ने इस आशंका को भी खारिज किया कि रिहाई के बाद मुख्यमंत्री सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद केजरीवाल न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में हैं। वहीं सवाल सीबीआई की कार्यशैली व विश्वसनीयता को लेकर भी उठे हैं। वैसे भी यदि सीबीआई के पास पुख्ता सबूत थे तो उसे जमानत को लेकर सवाल नहीं उठाने चाहिए थे। जिसके चलते विपक्ष को सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में कार्रवाई करने के आरोप लगाने का मौका मिला। बहरहाल, केजरीवाल की रिहाई के बाद दिल्ली कांग्रेस प्रमुख की तीखी प्रतिक्रिया से कयास लगाये जा सकते हैं कि इस फैसले का असर हरियाणा चुनाव पर पड़ सकता है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि राज्य की जनता में सत्ता विरोधी आक्रोश का जो पूरा लाभ अब तक कांग्रेस को मिलने के आसार थे, उसमें केजरीवाल की सक्रियता से असर पड़ सकता है। एक तो हरियाणा केजरीवाल का गृह राज्य है और दूसरी ओर राज्य में स्टार प्रचारक के रूप में केजरीवाल की सक्रियता आप का जनाधार बढ़ा सकती है। इससे कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ेगा और वे पार्टी प्रत्याशियों को सफल बनाने की कवायद में भी जुट सकते हैं।

# भाषाई मुकाबले में हिन्दी की क्षमता पहचानिए

विडंबना है कि भारत के संबंध में ऐसा नहीं है। ब्रिटिश गुलामी से निजात पाने के इतने लंबे अरसे के बाद भी यहां अंग्रेज़ी ही सर्वमान्य भाषा बनी हुई है। हिंदी अथवा किसी अन्य स्थानीय भाषा को जानने-समझने की जरूरत विदेशियों से यहां किसी भी उद्देश्य के साथ आने पर नहीं की जाती है। इस पर विसंगति यह है कि देश के भीतर ही ज्यादा सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों में नौकरी के लिए अंग्रेज़ी तो हर तरह से स्वीकार्य है, लेकिन जो हिंदी देश के बड़े भूभाग पर बोली, जानी और समझी जाती है, उसे दोयम माना जाता है।हम इस भाषायी पिछड़ापन पर तब कोई शर्म नहीं महसूस करते, जब इसरो के सूर्ययान आदित्य एल-1 के सूरज के करीब पहुंचने का जश्न मना रहे होते हैं।




हमारे देश के छात्र कोई ऊंची पढ़ाई करने जब विदेश जाते हैं तो ज्यादातर मामलों में उनके सामने पहली शर्त उस देश की भाषा सीखने की होती है। कनाडा जाएंगे, तो अंग्रेजी से पहले फ्रेंच, रूस-यूक्रेन जाएंगे तो रूसी, चीन-जापान जाएंगे, तो मंदारिन या जापानी भाषा में इतने कौशल की मांग की जाती है ताकि उस भाषा में वे संबंधित पढ़ाई कर सकें। इसके लिए भाषा सिखाने से जुड़े पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जो वहां दाखिला पाने से पहले अच्छे अंकों या ग्रेड के साथ पूरे करने होते हैं। इसका एक पहलू यह भी है कि ज्यादातर देशों ने अपनी मातृभाषा या उस भाषा को कामकाज की अपनी आधिकारिक भाषा बना रखा है, जो उन देशों की बहुसंख्यक आबादी बोलती-समझती है। इसके लिए वे खुद कोई समझौता नहीं करते, लेकिन विदेश से आने वाले छात्रों और कारोबार या राजनयिक संबंधों के तहत वहां आने-जाने वालों को उनकी भाषा सीखने का समझौता करना होता है।विडंबना है कि भारत के संबंध में ऐसा नहीं है। ब्रिटिश गुलामी से निजात पाने के इतने लंबे अरसे के बाद भी यहां अंग्रेज़ी ही सर्वमान्य भाषा बनी हुई है। हिंदी अथवा किसी अन्य स्थानीय भाषा को जानने-समझने की जरूरत विदेशियों से यहां किसी भी उद्देश्य के साथ आने पर नहीं की जाती है। इस पर विसंगति यह है कि देश के भीतर ही ज्यादा सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों में नौकरी के लिए अंग्रेज़ी तो हर तरह से स्वीकार्य है, लेकिन जो हिंदी देश के बड़े भूभाग पर बोली, जानी और समझी जाती है, उसे दोयम माना जाता है।हम इस भाषायी पिछड़ापन पर तब कोई शर्म नहीं महसूस करते, जब इसरो के सूर्ययान आदित्य एल-1 के सूरज के करीब पहुंचने का जश्न मना रहे होते हैं। चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने पर शाबाशी लूट रहे होते हैं। गगनयान की तैयारियों का गौरव के साथ बखान कर रहे होते हैं। आश्चर्य है कि आदित्य, चंद्रयान, गगनयान- ये सारे शब्द (संस्कृत निष्ठ) हिंदी की देन हैं। लेकिन इनसे जुड़ी सफलताओं का जिक्र अक्सर अंग्रेज़ी में ही होता है। दुनिया को अपनी उपलब्धियों के बारे में बताना हो, तो अंग्रेज़ी के इस्तेमाल से गुरेज़ नहीं होना चाहिए। पर हमारा पड़ोसी चीन ऐसा नहीं करता। इस्राइल ऐसा नहीं करता। जापान ऐसा नहीं करता। हमारा स्वाभाविक दोस्त रूस ऐसा नहीं करता। विश्व स्तर पर राजनीतिक संदेश देने या किसी उपलब्धि का बखान करने के लिए ये सारे मुल्क अंग्रेज़ी के बजाय उस भाषा का चुनाव करते हैं, जिनसे उनके देश की पहचान जुड़ी है। दुनिया में भारत अब पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। पिछले वर्ष (2023 में) जी-20 का सफल आयोजन कर भारत ने दिखा दिया है कि कभी गरीब कहे जाने वाले इस देश की आज की तारीख में क्या वैश्विक हैसियत है। एक से बढ़कर एक उपलब्धियां हैं जो जंबूद्वीपे भारतखंडे कही जाने वाली विविधताओं में एकता का आह्वान करने वाली भारतभूमि का गौरवगान करती हैं और तमाम दुनिया को प्रेरणा देती हैं। पर जब बात इसी भारत की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा हिंदी की आती है, तो कई मलाल एक झटके में हमें कुछ सोचने को विवश कर देते हैं। एक तरफ हिंदी को भारत में राष्ट्रभाषा का व्यावहारिक दर्जा नहीं मिलना चिंता में डालता है, तो दूसरी तरफ यह सवाल भी उठता है कि जनसंख्या और वैश्विक प्रभुत्व के बल पर यदि चाइनीज (मंदारिन), स्पेनिश, अरैबिक, फ्रेंच को संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा का दर्जा मिल सकता है, तो हिंदी को यह सम्मान मिलने में क्या समस्या है।

हमें ये तथ्य गौरवान्वित करते हैं कि भारत कई भाषाओं और लिपियों से समृद्ध देश है। यहां कई सारी भाषाएं बोली जाती हैं। फिर भी देश के आधे से ज्यादा हिस्से को हिंदी भाषा ही जोड़ती है। भले ही अंग्रेजी का प्रचलन बढ़ गया हो लेकिन हिंदी अधिकतर भारतीयों की मातृभाषा है। हालांकि भारत में हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिला है लेकिन राजभाषा के तौर पर हिंदी की खास पहचान है। भारत के साथ ही विदेशों में बसे भारतीयों को भी हिंदी भाषा ही एकजुट करती है। हिंदी हिंदुस्तान की पहचान भी है और गौरव भी। हिंदी को लेकर दुनियाभर के तमाम देशों में बसे भारतीयों को एक सूत्र में बांधने के लिए विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी) मनाया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी दिवस का आयोजन 14 सितंबर को होता है। दो अलग-अलग तारीखों पर हिंदी दिवस मनाने की वजह शायद इसीलिए पड़ रही है कि कहीं तो कोई हिंदी के अस्तित्व को स्वीकार करे। हालांकि, इसका एक तथ्य यह है कि राष्ट्रीय हिंदी दिवस भारत में हिंदी को आधिकारिक दर्जा मिलने की खुशी में मनाते हैं, वहीं विश्व हिंदी दिवस दुनिया में हिंदी को वही दर्जा दिलाने के प्रयास में मनाया जाता है। यूं वैश्विक पटल पर देखें तो सिनेमा और दूसरे अनेक डिजिटल मंचों पर भी हिंदी स्वाभाविक गति से बढ़ती नजर आ रही है। अमेजॉन जैसी ई-कॉमर्स कंपनी हिंदी के महत्व को समझते हुए अपनी वेबसाइट पर हिंदी का विकल्प भी दे चुकी है। सोशल मीडिया के अनेक मंचों- जैसे कि यूट्यूब-फेसबुक और ब्लॉगिंग में हिंदी छाई हुई है। चैटजीपीटी और जेमिनी समेत एआई के कुछ टूल अब हिंदी में लिखे गए कूट संकेतों (प्राम्प्ट) को समझने और उनके मुताबिक जवाब देने लगे हैं। हालांकि, हिंदी को रोजगार की भाषा बनने के रास्ते में जो बाधाएं हैं, कहा जा सकता है कि इस मामले में हिंदी ने काफी तरक्की कर ली है। लेकिन यह एक बड़ा सच है कि जब तक भारत के सरकारी कार्यालयों, निजी संस्थानों और संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंचों पर हिंदी को अहमियत नहीं मिलती, तब तक हिंदी को वह गौरव और सम्मान नहीं मिल सकता - जिसकी असल में वह हकदार है।

शायद इसकी शुरुआत हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के अभियानों को उनकी परिणति तक पहुंचाने से की जा सकती है। लेकिन इससे जुड़ी सच्चाई यह है कि ऐसे अनगिनत प्रयासों को राजनीतिक स्वार्थ साधने वाली भाषा के विरोध की परंपरा ने कुंठित कर दिया है। हालांकि केंद्र सरकारें चाहतीं तो, वह उसका एक रास्ता हिंदी को संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बनाने के रूप में भी चुन सकती हैं।निश्चय ही हिंदी को भारतीय संविधान में राजभाषा का दर्जा दिया गया है और देवनागरी को इसकी लिपि के रूप में स्वीकार किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 343(1) में इस उल्लेख के साथ अंग्रेज़ी (रोमन) भाषा को भी सरकारी कामकाज में इस्तेमाल की अनुमति दी गई है। पर यहां ध्यान रखना होगा कि हमारे संविधान में कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। इसके स्थान पर 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थान दिया गया है, जिसका तात्पर्य है कि केंद्र अथवा राज्य सरकार स्थान के अनुसार 22 में से किसी को भी अपनी आधिकारिक भाषा चुन सकती है।

# जवान भारत बूढ़ा चीन - रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने की बजाई बीन

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि आज दुनियां के अनेक देशों में भारत सबसे युवा देशहै व कुछ कर गुजरने की चाहत का संकल्प हर युवा ने ले लिया है जिसे देखकर पूरे विश्व को यह विश्वास हो चला है कि भारत अपने विजन 2047 में जरूर कामयाब होकर एक विकसित भारत देश हो जाएगा, इसलिए ही हमारे पीएम महोदय अपने अनेक संबोधनों में बार बार भारत के युवा राष्ट्र होने और पूरे जनसंख्यकीय तंत्र का लाभ उठाकर विज़न 2047 को पूर्ण करने में सहयोग करने को रेखांकित करते हैं। यह बात आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि लंबे समय के विचार विमर्श मंथन के बाद दिनांक 13 सितंबर 2024 को विस्तारवादी देश चीन के संकुचित कार्यबल, घटती अर्थव्यवस्था व वृद्ध नागरिकों के लिए पेंशन फंड की कमी से निपटने के लिए रिटायरमेंट उम्र सीमा बढ़ाने का उपाय किया है,जिसकी घोषणा उन्होंने देर शाम की है बहरहाल चीन की रिटायरमेंट की उम्र



मौजूदा वक्त में दुनियां में सबसे कम है। चीन की तुलना में भारत की आबादी काफी युवा है, उसे औद्योगिक क्षेत्र में इसका काफी ज्यादा लाभ भी मिल रहा है। इकोनॉमी के कई मोर्चों पर चीन पिछड़ता दिख रहा है। गौरतलब है कि चीन में जीवन प्रत्याशा 1960 में लगभग 44 साल से बढ़कर 2021 तक 78 वर्ष हो गई है।इसके 2050 तक 80 साल से अधिक होने का अनुमान है, इसलिए चीन में कामकाज के नियमों में सुधार तत्काल जरूरी है।साथ ही, बुजुर्गों का भरण पोषण करने के लिए जरूरी कार्यशील आबादी लगातार घट रही है।चीन में पुरुषों के लिए रिटायरमेंट की उम्र 60 सेबढ़ाकर 63 साल की जाएगी।जबकि व्हाइट कॉलर काम करने वाली महिलाओं के लिए यह 55 साल से बढ़ाकर 58 साल की जाएगी। वहीं ब्लू-कॉलर काम करने वाली महिलाओं के लिए यह 50 साल से बढ़ाकर 55 साल की जाएगी। ये बदलाव 1 जनवरी, 2025 से लागू होने वाले हैं और इन्हें 15 साल में लागू किया जाएगा। लोगों को लंबे समय तक काम करने देने से पेंशन बजट पर दबाव कम होगा, क्योंकि कई चीनी प्रांत पहले से ही बड़े घाटे से जूझ रहे हैं, लेकिन पेंशन भुगतान में देरी और बूढ़े कर्मचारियों को लंबे समय तक अपनी नौकरी पर बने रहने की जरूरत सभी को पसंद नहीं आएगी। शिन्हुआ मे आई इस रिपोर्ट के बाद कि चीन के सांसदों ने 10 सितंबर को इस विषय पर चर्चा की थी जबकि लाखों लोगों ने सोशल मीडिया का सहारा लिया, जिसमें कई लोगों ने चिंता जताई की कि बहुत कम नौकरियों की जगह खाली होने के कारण अधिक नौकरी चाहने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी।चीन सरकार के मुताबिक पेंशन प्राप्त करने के लिए न्यूनतम कामकाजी अवधि को 15 साल से बढ़ा कर 20 साल करने की योजना है, जो 2030 तक लागू होगी।चूंकि चीनी सरकार को संकुचित कार्यबल, घटती अर्थव्यवस्था व वृद्ध नागरिकों की पेंशन का टेंशन है, जिसके लिए रिटायरमेंट उम्र सीमा बढ़ाना मजबूरी है,

इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जवान भारत बूढ़ा चीन,रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई की बजाई बीन? साथियों बात अगर हम चीन में कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने की करें तो, चीनी सरकार नेशुक्रवार को देश में कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की योजना की घोषणा करते हुए एक कानून पारित किया। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार, प्रशासन द्वारा पूरी योजना जनवरी 2025 से शुरू होने वाले 15 वर्षों के कार्यकाल के दौरान लागू की जाएगी।उल्लेखनीय रूप से, चीनी अर्थव्यवस्था वर्तमान में अपनी गिरती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सिकुड़ते कार्यबल और अपने वृद्ध नागरिकों के लिए पेंशन फंडिंग संकट के गंभीर संकट का सामना कर रही है,इस कदम को सोशल मीडिया परअपने नागरिकों से कड़ी प्रतिक्रिया मिली है,नागरिकों का दावा है कि यह उनके कार्य वर्षों को बढ़ाने और उन्हें अपनी पेंशन तक पहुँचने से रोकने की एक चाल है क्योंकि देश के युवाओं में बेरोजगारी का स्तर अभी भी उच्च बना हुआ है।इसी रिपोर्ट के अनुसार,विलंबित सेवानिवृत्ति का मतलब सिर्फ इतना है कि आप 63 वर्ष की आयु तक अपनी पेंशन नहीं पा सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि तब तक सभी के पास नौकरी होगी! एक उपयोगकर्ता ने लिखा। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन में बुजुर्गों की संख्या वर्तमान में 20 प्रतिशत से अधिक है, जो देश की आबादी का लगभग 297 मिलियन है। चीन के जनसांख्यिकीविदों का अनुमान है कि 2030 से 2035 के बीच बुजुर्गों की आबादी कुल चीनी आबादी का 30 प्रतिशत तक हो जाएगी। और यह संख्या 2050 तक 40 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। मीडिया की रिपोर्ट में चीनी सामाजिक विज्ञान अकादमी द्वारा प्रकाशित 2019 की एक रिपोर्ट का भी हवाला दिया गया है, जो एक सरकारी थिंक टैंक है जिसने दावा किया था कि चीन का राज्य पेंशन फंड 2035 तक अपने घटते कर्मचारियों और सख्त महामारी संबंधी प्रतिबंधों के वर्षों के कारण सूख जाएगा, जिसने स्थानीय सरकारों के खजाने को कम कर दिया है। पिछले साल चीन में कई बुजुर्गों ने अपने कर्मचारी चिकित्सा लाभ में बड़ी कटौती को लेकर कई प्रमुख शहरों में विरोध प्रदर्शन किया। राज्य मीडिया के अनुसार, इस साल जुलाई में, चीन में युवा बेरोजगारी दर 16 से 24 वर्ष की आयु के लोगों में 17.1 प्रतिशत थी, और 25 से 29 वर्ष की आयु के लोगों के लिए 6.5 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया है कि अर्थव्यवस्था में मंदी के कारण नियोक्ता भर्ती में कटौती करना जारी रखते हैं और लोगों, विशेष रूप से तकनीकी क्षेत्रों में, 35 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए भर्ती में व्यापक रूप से विस्तृत आयु भेदभाव देखा गया है। साथियों बात अगर हम इस रिटायरमेंट उम्र सीमा के बढ़ने से रोजगार व जनता के विरोध की चुनौती की करें तो,चीन में रोजगार बाजार अभी भी चुनौतीपूर्ण है और जुलाई में 16-24 साल की उम्र के युवाओं की बेरोजगारी दर 17.1प्रतिशत और 25-29 साल के युवाओं के लिए 6.5 प्रतिशत थी। इसके अलावा, 35 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए नौकरी में उम्र भेदभाव की शिकायतें भी हैं।पिछले साल, कई वृद्ध नागरिकों ने बड़े शहरों में अपने चिकित्सा है।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 से 2 अक्टूबर तक सभी जिलों में मनाया जायेगा सेवा पखवाड़ा, क्षेत्रीय टीम गठित

कानपुर। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने रविवार को पदाधिकारी की आयोजित बैठक में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों में सेवा पखवाड़ा के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करेगी।

बैठक में तय किया गया कि 17 सितंबर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सभी जिलों में स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें सभी 17 जिलों में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर अतिथि तय कर दिए गए हैं। बैठक में तय किया गया की सेवा पखवाड़ा अभियान की क्षेत्रीय टीम गठित की गई है। जिसमे क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे, सुनील तिवारी, हर्ष द्विवेदी, आलोक मिश्रा, संपूर्ण अभियान की मॉनिटरिंग करेंगे। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि कानपुर उत्तर सांसद रमेश अवस्थी, कानपुर दक्षिण सांसद भोले सिंह, कानपुर ग्रामीण सांसद अशोक रावत, कानपुर देहात कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, औरैया राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, इटावा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत बांदा, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी महोबा, राज्य मंत्री राकेश राठौर झांसी, महानगर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल झांसी, जिला सांसद अनुराग शर्मा ललितपुर, राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी चित्रकूट, मनोहर लाल मुन्नू कोरी हमीरपुर, राज्यमंत्री रामकेश निषाद जालौन, राज्य मंत्री संजय गंगवार अपने अपने आवंटित जिलों में स्वच्छता अभियान के कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# चंद कर्मचारियों के कारण बदनाम होती यूपी पुलिस

यूपी पुलिस के चंद कर्मचारियों और अफसरों की हरकत समूचे विभाग की बदनामी का कारण बन रहीं हैं। नोएडा में एक ट्रेनी पुलिस सब इंस्पेक्टर ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर कैब चालक से रुपये लूट लिए,वहीं शिकारपुर के पुलिस वालों ने एक व्यक्ति की कार में चैकिंग के दौरान सफेद कपड़े में लपेट कर तमंचा रख दिया और जेल भेज दिया लेकिन वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में पुलिस वालों की कारगुजारी कैद हो गई इतना ही नहीं लखनऊ में एक आइएएस की तैयारी कर रहे युवक ने पुलिस कर्मियों द्वारा गरीब व्यक्ति की पिटाई का विरोध किया तो पुलिस वालों ने छात्र की पिटाई की और जेल भेजने की योजना बना दी। युवक ने अपने साथी प्रशिक्षु आईपीएस को जानकारी दी तो पुलिस वालों ने माफी मांग कर रिहा कर दिया। यह है यूपी पुलिस के अजब पुलिस वालों के गजब कारनामे।

आइए विस्तार से बता दे कि नोएडा में एक कैब चालक को रोक कर एक प्रशिक्षु दारोगा ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और सुनसान स्थान पर ले गए वहां उसकी जेब से सात हज़ार रूपये लूट लिए। इस मामले में आरोपी सब इंस्पेक्टर के खिलाफ एक्शन लिया गया है। आरोपी एसआई ट्रेनी दरोगा है, उस पर और उसके दो साथियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। ट्रेनी दरोगा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसके साथियों को पक ?ने के लिए पुलिस टीम बनाई गई है।

इतना ही नहीं इस मामले में आरोपी दरोगा को बचाने के आरोप में डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा को पद से हटाया गया है। साथ ही


**मनोज कुमार अग्रवाल**

एसएचओ बिसरख, चौकी प्रभारी गौर सिटी-1 और एक दरोगा को सस्पेंड किया गया है। मामला 3 अगस्त की रात करीब 1 बजे का है। बागपत निवासी राकेश तोमर दिल्ली में कैब चलाता है।उसने ट्रेनी दरोगा अमित मिश्रा और उसके दो साथियों पर रुपये लूटने और मारपीट करने का आरोप लगाया था।कैब चालक राकेश का आरोप है कि वह दिल्ली से महिला सवारी को लेकर नोएडा की गौर सिटी छो ?ने पहुंचा था, तभी वहां ट्रेनी दरोगा अमित मिश्रा ने वर्दी का रौब दिखाते हुए उसे रोका और गा ?ी से उतार लिया।महिला सवारी को भी गा ?ी से जबरन उतारकर अपनी कार में बैठाने लगे। महिला ने बताया कि वह सवारी है और कैब बुक करके लाई है, तब महिला को छो? दिया। उसके बाद कैब ड्राइवर राकेश के साथ मारपीट की गई।उसका आरोप है कि दरोगा ने उसकी जेब में रखे रुपये भी लूट लिए।

पीि ?त राकेश दरोगा की शिकायत करने पहले गौर सिटी वन चौकी पहुंचा।वहां उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद पीि ?त कैब चालक बिसरख थाने पहुंचा।कोतवाली इंचार्ज ने भी उसे वहां से टरका दिया।उसने आरोपी दरोगा की शिकायत पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से की और पूरे मामले की जानकारी दी। सीपी ने इस मामले में जांच कराई।महिला से भी पूछताछ की गई।आरोप सही पाए जाने पर ट्रेनी दरोगा अमित मिश्रा और उसके दो साथियों आशीष और अभिनव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। उनके पास मौजूद दो गाि ?यों को भी सीज किया गया।

पुलिस ने आरोपी ट्रेनी दरोगा को गिरफ्तार किया है।ग्रेटर नोएडा में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुलिस पर एक्शन लिया है। नोएडा वेस्ट के बिसरख इलाके में कैब ड्राइवर से पैसा वसूलने और मार-पीट करने के मामले में ट्रेनी इंस्पेक्टर को बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही उसके दो साथियों पर भी बड़ा एक्शन हुआ है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कमिश्नर ने घटना की जानकारी दो दिन तक छिपाए रखने के आरोप में डीसीपी सेंट्रल को पद से हटा दिया है। इसके साथ ही बिसरख थाना प्रभारी और सीटी 1 चौकी प्रभारी पर भी कार्रवाई करते हुए सस्पेंड कर दिया गया है।

इस पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद दो दिन तक कार्रवाई नहीं करने और उच्चाधिकारी से घटना को छुपाने पर डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा सुनिति को उनके पद से हटाया गया है। इसके अलावा एसएचओ बिसरख, चौकी प्रभारी गौर सिटी-1 दरोगा रमेश चन्द्र तथा दरोगा मोहित को सस्पेंड किया गया है।

एक अन्य मामला राजधानी लखनऊ के बाराबिरवा में सामने आया है, जहां कुछ सिपाही एक ओला टैक्सी चालक को पीट रहे थे। मौके पर मौजूद एक आइएएस की तैयारी कर रहे युवक विनीत से रहा न गया और उसने इसका विरोध किया।


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सम्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# जिलाधिकारी ने परिवहन निगम के 62 अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह द्वारा कलेक्ट्रट सभागार में जनपद में आयोजित सम्मान समाहरोह कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कहा कि कानपुर नगर जनपद में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षायें आयोजित होती है जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया जाता है। विगत दिनों में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 संपन्न हुई, जिसमें उ0प्र परिवहन निगम के अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा बेहतर तरीके से कार्य किया गया उनके द्वारा प्री प्लानिंग कर बस स्टॉप व अन्य स्थान से विभिन्न जनपदों से आने वाले परीक्षार्थियों को सुगमता पूर्वक उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाने हेतु परिवहन निगम द्वारा व्यवस्थित तरीके से कुशल संचालन किया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा आज परिवहन निगम के 62 अधिकारियों / कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जनपद कानपुर नगर में पुलिस आरक्षी भर्ती 2023 की परीक्षा, जो दिनांक 23, 24, 25, 30 एवं 31 अगस्त, 2024 को प्रत्येक दिवस 02 पालियों में आयोजित हुई थी, परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को उ0प्र0 शासन के निर्देशानुपालन में जिलाधिकारी , कानपुर नगर के कुशल मार्गदर्शन में उ0प्र0 परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करायी गयी थी। परिवहन निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पूर्ण कर्तव्यनिष्ठता के साथ इस दायित्व का निर्वाहन किया गया। कानपुर क्षेत्र द्वारा कुल 2,35,229 अभ्यर्थियों को उनके गन्तव्य तक निःशुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबन्धक कानपुर श्री अनिल कुमार, सेवा प्रबन्धक श्री गोकरन सिंह, श्री राकेश कुमार, श्री महेश कुमार, श्री रामलवट, श्री मुहम्मद अशफाक, श्री सुनीत कुमार अग्रवाल, श्री जी.सी. वर्मा सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धको सहित परिवहन निगम के अनेकों उपाधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत 52 करोड़ की पहली किस्त रूमा औद्योगिक क्षेत्र को जारी

## सड़कें, पानी निकासी, कूड़ा प्रबधन,चार्जिंग सिस्टम सहित अन्य सूविधाओं पर होगें कार्य

बीपीएस न्यूज

कानपुर। चकेरी स्थित रूमा औद्योगिक क्षेत्र की जल्द सूरत बदलेगी।86 करोड़ रुपए से विकास कार्य कराए जाएंगे। शासन ने पहली किस्त 52 करोड़ रुपए जारी कर दी है। इसके लिए प्राधिकरण ने टेंडर भी जारी कर दिए हैं। इससे क्षेत्र की सड़कें, नाले, पानी निकासी, कूड़ा प्रबंधन, शौचालय और अन्य कार्य कराए जाएंगे। विकास कार्य अटल इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) कराएगा। प्राधिकरण ने करीब 30 वर्ष पहले औद्योगिक क्षेत्र बसाया था। इसके बाद से वहां पर कोई मेंटेनेंस कार्य नहीं कराया जा सका है। यहां की सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो गईं, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट खराब पड़ा था, नाले चोक होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है, जिस कारण उद्यमी कई वर्ष से परेशान थे।प्राधिकरण लगातार शासन से धनराशि की मांग कर रहा था। डीपीआर भी भेजी जा चुकी थी। लेकिन अब शासन ने 52 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है। यहां एक और 3 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा।

पार्क, अग्निशमन केंद्र और पुलिस चौकी बनेगी जिससे यहां पर कार्य करने वालों को सुरक्षा का अहसास होगा। पुरानी हाई मास्ट लाइटों की जगह नई सौर आधारित हाई मास्ट लाइट लगाई जाएंगी। रूमा औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी को सही करने के लिए सड़कों किनारे 35 पुलियां, 18.83 किमी जल निकासी की पाइप लाइन डाली जाएंगी। पांच किमी वाली सड़कें सीसी बनाई जाएंगी। वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक चार्जिंग सिस्टम लगाया जाएगा। 33 केवी और 11 केवी बिजली के तार अंडरग्राउंड बिछाए जाएंगे। तीन प्रवेश द्वार और 6 डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक से लैस होंगे। जिससे किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि होते ही पुलिस को अलर्ट मिल जाएगा। कई जगह पब्लिक एड्रेस सिस्टम बनाए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों और आसपास के लोगों को संदेश दिया जा सकेगा। इसके अलावा, मियावाकी पद्धति से पौधारोपण कर रुद्राक्ष की बगिया विकसित की जाएगी। ज्यादातर इकाइयां टेक्सटाइल की जीटी रोड किनारे स्थित रूमा औद्योगिक क्षेत्र में करीब 200 से अधिक इकाइयां संचालित हैं। यहां पर ज्यादातर टेक्सटाइल से जुड़ी इकाइयां हैं, साथ ही ब्लीचिंग यूनिट और जनरल इकाइयां भी हैं। यहां पर एक ट्रीटमेंट प्लांट भी है, दूसरा प्लांट भी जल्द लगेगा। यूपीसीडा के आरएम मंसूर कटियार ने बताया कि प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत विकसित किया जाएगा। रूमा औद्योगिक क्षेत्र में करीब 86 करोड़ रुपये खर्च होंगे।52 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। इसमें नाली, सड़क निर्माण, लाइट कार्य के साथ उद्यमियों और कर्मचारियों के हित में कार्य होंगे।

# गणेश महोत्सव में हुई स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा



कानपुर। पोषण माह के अंतर्गत बिधनू ब्लॉक के परिक्षेत्र जरकला ग्राम पंचायत नगवा में संचालित कई आंगनबाड़ी केंद्रों ने मिलकर शुक्रवार को स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस नगर पंचायत में पिछले कई दिनों से चल रहे गणेश महोत्सव में यह स्पर्धा वृद्धि निगरानी अभियान व जागरूकता सत्र के तहत आयोजित की गई। स्पर्धा में छह वर्ष तक के 25 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया, जिसमें दो बच्चों के सबसे सेहतमंद पाये जाने पर उन्हें सबसे स्वस्थ बालक बालिका चिन्हित किया गया। ब्लॉक बिधनू की बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) रतना श्रीवास्तव ने बताया कि स्पर्धा के जरिये समुदाय को यह संदेश दिया गया कि जन्म से छह माह तक बच्चे को सिर्फ स्तनपान करवाना चाहिए। छह माह से तीन वर्ष तक प्राप्त होने वाले अनुपूरक पुष्टाहार का नियमित सेवन करना है। तीन से पांच वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित होना है और अनुपूरक पुष्टाहार का सेवन जारी रखना है। बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए कीड़े मारने की दवा का सेवन करना है। पांच साल की उम्र तक बच्चों को पांच साल में सात बार नियमित टीकाकरण करवा कर 12 प्रकार की बीमारियों से बचाना है। बच्चों को हाथों की स्वच्छता एवं नाखून काटने के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका ने समस्त बच्चों की लंबाई, ऊंचाई व वजन लिया। ऐसे बच्चे जिनका वजन उनकी लंबाई व आयु के अनुसार सामान्य था। एमसीपी कार्ड भी देखा गया। जिनके माता पिता ने अपने बच्चे को स्वस्थ रखने के लिए सभी नियमों का पूर्णतया पालन किया, जैसे बच्चों को सही समय पर पूरे टीके लगवाना, साफ सफाई का पूरा ध्यान रखना, पोषाहार को नियमित समय पर लेना। आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों को सही समय से प्रतिदिन भेजना। ऐसे दो बच्चों क्रमशः पाँच वर्ष की अद्वैता और चार वर्ष के अथर्व को स्वस्थ बालक -बालिका स्पर्धा में ग्राम प्रधान आशीष बाजपेयी द्वारा प्रोत्साहन कर नवाजा गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन बाजपेयी ने बताया कि स्पर्धा का उद्देश्य 0 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के पोषण स्तर में सुधार लाना, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित मुद्दों के साथ बड़े पैमाने पर समुदाय का भावनात्मक जुड़ाव पैदा करना है। उन्होंने समस्त बच्चों के अभिभावकों को पोषण स्वास्थ्य व शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छह माह तक सिर्फ स्तनपान और दो वर्ष तक स्तनपान के साथ उपरी आहार खिलाने के महत्व एवं उनकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। विजेता अद्वैता की माता अनामिका ने कहा कि वह आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता के द्वारा बताई गई बातों को पूरी तरह से अपनाती हैं। समय पर सभी टीके भी लगवाए। साफ-सफाई का भी बहुत ध्यान देते हैं। अथर्व की माता ममता ने बताया कि वह अपनी बच्ची का पूरा ध्यान रखती हैं। उन्हें अन्नप्राशन और गोदभराई दिवस पर बेहतर पोषण, छह माह तक सिर्फ स्तनपान, टीकाकरण के साथ ड्ड साथ स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलती रहती है। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रतिमा, मुन्नी व मुख्य सेविका प्रतिभा दीक्षित, नीना, अंजलि, अनामिका सहित बच्चों के माता पिता उपस्तिथ रहे।

# कृषि सूचना तंत्र के सुद्रणीकरण के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय हुई गोष्ठी



बीपीएस न्यूज

कानपुर। कृषि विभाग द्वारा आयोजित कृषि सूचना तंत्र के सुद्रणीकरण एवं किसान जागरूकता अभियान के तहत गोष्ठी का ब्लॉक स्तरीय आयोजन विकासखंड परिसर सरवनखेड़ा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने खरीफ फसलें जैसे धान,मक्का, ज्वार, बाजरा, तिल आदि के प्रबंधन विषय पर विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर खान ने बताया कि प्रत्येक किसान भाई को अपने खेतों की मिट्टी की जांच अवश्य कराना चाहिए।जिससे संतुलित उर्वरकों का प्रयोग हो सके तथा कृषि लागत कम आए।उन्होंने खरीफ फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी। डॉक्टर ख़ान ने किसानों को परंपरागत खेती के बजाय तकनीकी पद्धति से खेती करने पर जोर दिया। कृषि गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा के मुनीश बाजपेई ने की। उन्होंने किसानों से कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई नवीन तकनीकों को जरूर अपनाएं। जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हो। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रियदर्शी ने पशुओं के टीकाकरण की जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी विमल सचान ने किसानों को सदैव उन्नतशील बीजों के प्रयोग अधिक उपज प्राप्त करने के लिए सलाह दी। सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रदुमन यादव ने किसान हितैषी विभिन्न प्रकार की कृषि योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि विभाग के रोहित वर्मा, विजय, अजीत,मुकेश, विकास सहित प्रशासशील किसान सुंदरलाल, विनोद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनुज, हर गोविंद सहित अन्य क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

# प्रेग्नेंसी के समय रहे तनावमुक्त

कानपुर। गर्भवती महिलाओं को अपने गर्भ काल के दौरान तनावमुक्त रहना चाहिए ताकि होने वाले बच्चे के स्वस्थ पर कोई बुरा असर न पड़े और वह विकार मुक्त हो ऐसा कहना है अपर इंडिया शुगर एक्सचेंज जच्चा बच्चा अस्पताल की सीएमएस डॉ अनिता गौतम ने बताया। उन्होंने इस गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को क्या खान पान करना चाहिए और किस तरह से जीवन व्यतीत करना चाहिए इसके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।सीएमएस डॉ अनिता गौतम ने बताया कि गर्भाअवस्था से पूर्व अगर महिलाएं कुछ जरूरी जांचे करवा लें तो समय रहते इन कमियों को शरीर से दूर कर उनको प्रसूति के लिए तैयार किया जा सकता है। गर्भाअवस्था के समय महिलाओं को तनाव मुक्त रहना बहुत जरूरी है ताकि पेट मे पल रहे बच्चे पर इसका कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। साथ ही उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के समय दिन में 2 घण्टे और रात को 8 घण्टे का आराम बहुत ही जरूरी होता है। इसके साथ महिलाओं को बायीं करवट ही लेटना चाहिए ताकि खून का बहाव सुचारू रूप से चले और बच्चे की ग्रोथ भी सही हो। इसके साथ ही उन्होंने सभी परिवार से अपील भी की है कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की सब मिल कर देख भाल जरूर करे इससे बहुत ही सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है।सीएमएस डॉ अनिता गौतम ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान समय पूर्व ही कुछ महत्वपूर्ण जांचे जिनमे सीबीसी, आरबीएस, थायरोड, व यूरिन आरएम के साथ ब्लड ग्रुप व एच बी1सी का कराना बहुत ही जरूरी है। इन जांचों से मरीज़ की दशा मालूम हो जाती है जिससे उसका इलाज करना सरल हो जाता है।

# 141वीं बोर्ड बैठक में आमेलित प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

**◆ एक परिवार के चार भूखंडों को मिलाकर बना सकेंगे बड़ी इमारत**

**◆ होटल निर्माण में संशोधन प्रस्ताव को पास कर दिया गया**

कानपुर। शहर में अधिकतम चार भूखंडों को मिलाकर अब बड़ी इमारत बनाई जा सकेगी। शुक्रवार को केडीए बोर्ड की 141वीं बोर्ड की बैठक में भूखंडों को आमेलित करने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। जिसके बाद इसको केडीए अधिकारियों ने शासन को भेज दिया है। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गब्याल ने बताया कि ईडब्ल्यूएस व एलआईजी के भूखंड को योजना में शामिल नहीं किया गया है। केडीए ने एक कंडीशन भी लगाई है कि ये सभी एक भूखंड एक परिवार के ही होने चाहिए।

केडीए बोर्ड की बैठक शुक्रवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में शुरू हुई। आमेलित भवन का नक्शा पास कराने पर सर्किट रेट का देना 1 प्रतिशत शुल्क जमा करना होगा। केडीए अधिकारियों के अनुसार मौके पर जो भू-उपयोग निर्धारित होगा, निर्माण उसी उपयोग के लिए करना होगा। इस दौरान पेश भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 के होटल निर्माण हेतु अपेक्षाएं से सम्बन्धित अध्याय-5 में संशोधन किये जाने वाले प्रस्ताव को पास कर दिया गया। इसके तहत होटल में कमरों की संख्या 4 से 20 होगी तो यह निर्माण 500 वर्गमीटर से कम में हो सकेगा। अगर 20 कमरों से संख्या ज्यादा है तो 500 वर्गमीटर में होटल नहीं बनवाया जा सकेगा।

वहीं, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 (यथा संशोधित) में नगरीय क्षेत्रों में पेट्रोल पम्प/फ्यूल स्टेशन स्थापित करने के लिए भू-खण्ड का आकार मानकों में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में पेश प्रस्ताव पास कर दिया गया। इन दोनों ही प्रस्तावों को केडीए ने अंगीकृत किया है। मेसर्स सुप्रीम इंडस्ट्रीज लि. द्वारा आराजी संख्या-135, 136, 137, 141 कुल भूमि 2.8895 हेक्टेयर ग्राम-जैनपुर जिला, कानपुर देहात, का भू-उपयोग अकबरपुर-माती महायोजना-2021 में %कृषि से वृहद उद्योग किये जाने के सम्बन्ध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई। बैठक में कुल 7 प्रस्ताव पास किये गये। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गब्याल ने बताया कि इसके अतिरिक्त हमने कानपुर रिवर फ्रंट बनाने के लिये पूर्व में आईआईटी की ओर से तैयार प्रस्ताव को फिर से आईआईटी से परीक्षण कराने और खाका तैयार करने के लिये भेजा है। इसके साथ ही गंगा वाटिका, बॉटनिकल गार्डन को जोड़ने पर भी कार्य हो रहा है।

**पॉलिसी का बड़ा फायदा आवेदनकर्ता को**

उदाहरण के तौर पर अगल-बगल दो से चार के बीच प्लॉट अगर 200-200 वर्ग मीटर के हैं और अपार्टमेंट बनाना है, तो 300 वर्ग मीटर का क्षेत्रफल होना जरूरी है। अब आवेदनकर्ता चाहे तो दोनों प्लॉट लेकर उसे मिला सकता है।इससे प्लॉट का क्षेत्रफल 400 मीटर का हो जाएगा। इस आधार पर वह अपार्टमेंट बना सकता है।दूसरा फायदा यह होगा कि फ्लोर एरिया रेशियो बढ़ जाएगा। यह अलग बात है कि कवर्ड एरिया बढ़ने से सेट बैक ज्यादा होगा।

# रेल मंत्री से सांसद ने एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण जल्द शुरू करने का किया आग्रह



बीपीएस न्यूज

कानपुर। नई दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद रमेश अवस्थी ने अनवरगंज से मंधना रेलवे के एलिवेटेड ट्रैक की मंजूरी के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करने व कार्य जल्द शुरू कराए जाने हेतु मुलाकात की।

रेलमंत्री ने सांसद रमेश अवस्थी से अपनी कानपुर की यादे साझा की , रेल मंत्री ने बताया कि आईआईटी में पढ़ाई के दौरान शहर से उनका भावनात्मक जुड़ाव हुआ और वो स्वयं कानपुर को पुनः भव्य स्वरूप में विकसित होते देखना चाहते है। रेल मंत्री ने सासंद द्वारा कानपुर के सम्पूर्ण विकास के लिये किये जा रहे प्रयासों की सराहना की व कहा कि कानपुर के विकास की इस यात्रा में रेल मंत्रालय की तरफ से कोई कमी नही छोड़ी जाएगी। रेलवे मानचित्र में पूरी भव्यता और गरिमा के साथ स्थान पायेगा।

सांसद ने आगमन के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए, सांसद के प्रयासों से चल रहे विकास कार्यो की तारीफ की और आश्वस्त किया कि जल्द ही शहर आकर वो एलिवेटेड ट्रैक निर्माण कार्य की समीक्षा और जल्द प्रारंभ करने की कार्ययोजना प्रारम्भ करेंगे।

# पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जोन ने पुलिस लाइन में निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जोन दिनेश त्रिपाठी द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन कानपुर नगर में अर्दली रूम किया। जिसमें पुलिस परिवहन शाखा,पुलिस लाइन स्थित मैस,क्वार्टर गार्द,आरक्षी बैरिक, कैण्टीन,हाजिरी रजिस्टर व अन्य अभिलेख आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर घाट पर की जा रही तैयारियों का किया अवलोकन

बीपीएस न्यूज



कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर नाना राव घाट थाना छावनी का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर की जा रही तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने विशेष रूप से सुरक्षा इंतजामों, भीड़ प्रबंधन, और ट्रैफिक नियंत्रण पर जोर दिया ताकि विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने जल पुलिस की मौजूदगी और सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, जिससे विसर्जन प्रक्रिया सुचारू और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके मौक़े पर थानाध्यक्ष छावनी मय फ़ोर्स के मौजूद रहे।

# पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने बारावफात के जुलूस मार्गों का किया भ्रमण

कानपुर। बारावफात को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार द्वारा दक्षिण जोन के थाना नौबस्ता, हनुमंत विहार एवं बाबुपुरवा क्षेत्रान्तर्गत निकलने वाले जुलूस मार्गों का आयोजको एवं सम्बन्धित थाना प्रभारियों के साथ भ्रमण किया गया एवं त्यौहार में निकलने वाले जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी नौबस्ता, चौक़ी प्रभारी उस्मानपुर थाना हनुमंत विहार,बाबुपुरवा मय पुलिस बल के साथ मौजूद रहें।

# मेरी झोपड़ी भाग्य आज खुल जायेंगे, राम आयेंगे भजन पर झूमे भक्त

कानपुर। बी. एन. एस. डी. शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज बेनाझाबर में आज श्री गणेश मंगलोत्सव के अंतर्गत हल्दी-कुमकुम एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की शिक्षिकाओं में मंजूबाला श्रीवास्तव, सरला सब्बरवाल, आरती, राशी , शालिनी सिंह , नीतिका , अर्चना , मीतू निगम , शालिनी, रूपाली , जया , नीलिमा आदि सभी शिक्षिकायें तथा अभिभाविकाओं मे बंटी, सारिका, आकांक्षा, अनामिका, पूर्व अध्यापिका पूनम झा, वन्दना, सुनीता, मोहिनी सक्सेना आदि उपस्थित रहीं। सभी के द्वारा गाये हुए भजनों घर में पधारों गजानन जी, मोरे बाँके बिहारी लाल, मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जायंगे, राम आयेंगे, आदि से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। हल्दी, कुमकुम के श्रंगार से गणेश जी का सुंदर आकर्षक रूप और शोभायमान हो उठा। कार्यक्रम का समापन गणेश आरती से हुआ।

# वकीलों के विरोध से रजिस्ट्री हुई कम, बढ़े सर्किल रेट में होगा बदलाव, 17 को लागू होंगी नई दरें

बीपीएस न्यूज

कानपुर। दो सितंबर को लागू किए गए बढ़े सर्किल रेट में फिर से बदलाव होने जा रहा है। फ्लैट भूमि, निर्माण, कृषि और आवासीय क्षेत्र की बढ़ी दरों पर विरोध के बाद फिर से सर्किल रेट में कुछ बदलाव कर आपत्तियां मांगी गईं थी। कुल 19 आपत्तियां आई, जिनका निस्तारण कर दिया गया।

अब फ्लैट, भूमि और उस पर किए गए निर्माण की दरों का अब अलग-अलग मूल्यांकन होगा। साथ ही कृषि से सटी आवासीय जमीन पर 50 से 60 फीसदी अतिरिक्त दर नहीं चुकानी पड़ेगी। संशोधित नई दरें 17 सितंबर से लागू हो सकती हैं। इस नए फैसले से उद्योगों, फ्लैट मालिकों और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। दरअसल, नौ साल बाद दो सितंबर को जिले का सर्किल रेट बढ़ाया गया था। जो लोगों को बोझ साबित हो रहा था। अधिवक्ताओं के विरोध के चलते करीब एक सप्ताह तक रजिस्ट्रियां बिल्कुल ठप रहीं थीं। इससे राजस्व का काफी नुकसान हो रहा था। रजिस्ट्री विभाग ने फ्लैट, कृषि और आवासीय निर्माण की दरों में संशोधित कर फिर से 8 सितंबर को जिले से आपत्ति मांगी थी। 13 सितंबर तक 19 आपत्तियां आईं थीं। जिनका जिलाधिकारी, एडीएम वित्त, एसडीएम, तहसीलदार और नायाब तहसीलदार की टीम ने शुक्रवार को बैठक कर निस्तारित कर दी। अब नई दरें 17 सितंबर से लागू हो सकती हैं। दो सितंबर को बदले गए सर्किल रेट में फ्लैट के मूल्यांकन में पूरे भूखंड की दरों को भी शामिल कर दिया गया था। जिससे फ्लैट की कीमतें बढ़ गईं थीं। अब भूमि और उसके निर्माण की दरों का अलग-अलग मूल्यांकन होगा। अगर उसी फ्लैट के बगल में व्यवसायिक गतिविधि हो रही है तो उसका कोई अतिरिक्त पैसा नहीं लिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र या कस्बे की जमीनों की बिक्री पर किसानों को काफी राहत मिली है। अब नगरीय और अर्द्धनगरीय क्षेत्रों में 10 बिस्वा तक कृषि जमीन खरीदने पर आवासीय दर ही लगेगी।

10 से 20 बिस्वा तक 60 फीसदी अतिरिक्त कृषि दर और 20 बिस्वा से ऊपर की जमीन होने पर पूरी जमीन पर सामान्य कृषि की दर लगेगी। मामले में एआईजी स्टांप श्याम सिंह बिसेन ने बताया कि सर्किल रेट में किए गए बदलाव को लेकर 19 आपत्तियां आईं थी, जिनका निस्तारण हो चुका है। 17 तक फाइनल सर्किल रेट की सूची जारी हो जाएगी।

# पुलिस की पंगु व्यवस्था के खिलाफ विधायक को सौंपा ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने दिव्यांग उत्पीड़न के मामलों में रिपोर्ट दर्ज न होने के विरोध में विधायक सुरेन्द्र मैथानी के कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन कर पुलिस की पंगु व्यवस्था के खिलाफ बैसाखी के साथ ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी लम्बे समय से किदवई नगर, कल्यानपुर, नवाबगंज थानो में पीड़ित दिव्यांगजन की रिपोर्ट दर्ज करवाने व सभी थानो में दिव्यांगजन अधिनियम 2016 लागू करने, थानो में रैम्प बनाने की मांग कर रही है।



कई बार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने रिपोर्ट दर्ज करवाने व दिव्यांगजन अधिनियम 2016 लागू करने, थानो में रैम्प बनाने का आस्वाशन दिया है। लेकिन आज तक किसी भी मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र ने कहा की पुलिस अधिकारियों पर से अब भरोसा उठ चुका है। जिन ए.सी.पी. बाबूपुरवा पर हम दिव्यांग राजेश शुक्ला के आरोपियों की मदद का आरोप लगा रहे थे उन्हीं के कार्यालय का सिपाही घूसखोरी मे जेल गया है। निवर्तमान ए.सी.पी. बाबुपुरवा ने बिल्डर और उनके सहयोगियों की खुल कर मदद की है। पीड़ित दिव्यांग राजेश शुक्ला व उनकी पत्नी रोली शुक्ला के विरूद्ध फर्जी रिपोर्ट दर्ज करवा दी है! पीड़ित दिव्यांग राजेश शुक्ला आज भी न्याय के लिये दर दर की ठोकर खा रहे है। इसी तरह नवाबगंज के दिव्यांग अशोक कुमार व कल्यानपुर के दिव्यांग कृष्ण कुमार त्रिपाठी के जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पनकी थाने की पुलिस ने तो हद ही कर दी है। दोनो पैर से दिव्यांग शिवम सैनी जो पान मसाला, बिस्कुट बेच कर अपना भरण पोषण कर रहा है उसकी दुकान जबरिया हटाने के लिये उत्पीड़न कर रहे है। विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने सभी पीड़ितों की रिपोर्ट दर्ज करवा कर न्याय संगत कार्यवाही का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अशोक कुमार, वैभव दीक्षित, राम आसरे पाण्डेय, मनोज त्यागी, दिलीप कुमार, गौरव कुमार, अनुराधा गुप्ता, मीरा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, तृप्ति खरे, सरला, अर्जुन कुमार, सत्य प्रकाश शुक्ला, महेश चन्द्र साहु, इसरार अहमद, आशीष कुमार, कुसुम अग्निहोत्री आदि शामिल थे।

# समाधान दिवस पर आमजन की समस्याओं को सुनकर संबंधित को दिए निर्देश



कानपुर। समाधान दिवस के मद्देनजर थाना महाराजपुर पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा जन-सुनवाई की गई। जन-सुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे इन समस्याओं को समयबद्ध तरीके से हल करें। शिकायतों के निस्तारण में देरी न हो, इसके लिए संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे त्वरित कार्रवाई करें और शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी दें। स्थानीय स्तर पर बार-बार आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने को कहा गया।

# समय रहते कैंसर की पहचान, बचा सकती है 70 फीसदी तक मरीजों की जान

## 50 फीसदी मरीज टीबी के भ्रम में समय को करते है बर्बाद
## टीबी के साथ कैंसर की जांच करवाना मरीज के लिए रहता है हितकर

बीपीएस न्यूज

कानपुर। ब्लड कैंसर डे पर जीएसवीएम मेडिकल कालेज में कैंसर मरीजो को लेकर डॉ कुश पाठक द्वारा चर्चा की गई। डॉ कुश पाठक ने बताया कि अगर कैंसर की पहचान जल्द और समय पर हो जाए तो मरीज के 70 फभ्सदी तक बचने की चांस होते है।

ब्लड कैंसर डे पर डॉ कुश पाठक ने बताया कि 2 से 50 वर्ष तक की आयु वाले लोगो में कैंसर की संभवना ज्यादा बढ़ रही है और वह अंतिम स्टेज पर डाक्टरो के पास पहुंच रहे है। इन मरीजो में डब्लूबीसी (वहाइट ब्लड सेल) और लिम्फोसाइट देखने को मिल रहे है। जिसमें कैंसर की गांठे निम्न स्तर पर देखने को मिलती है जैसें गले में गांठ का पडना, जांघो के बीच गांठ का पडना, पेट में गांठ का पडना, काख में गांठ का होना प्रमुख है। अधिकांश मरीजो में ऐसी गांठो का पडना टीबी की बीमारी होने का भी इशारा करती है। क्योंकि अक्सर देखा गया है कि गांठ पडने पर टीबी की जांचे चालू कर दी जाती जबकि पहली स्टेज में बायोप्सी के द्वारा ही पूर्व में जांच करवा लेनी चाहिए। कैंसर के टाइप-बी के सिम्टम्स में बुखार का आना, वजन का गिरना प्रमुख कारण है।

उन्होंने बताया कि टीबी के भ्रम में ल्युकोमा को नजरअंदाज करना मरीज के लिए खासा परेशानी का कारण बन जाती है।

इसके लिए मॉलिकुलर स्टडी, पैट स्कैन और बायोप्सी के द्वारा इसकी पहचान की जा सकती है। डॉ कुश पाठक ने बताया कि अगर कैंसर के मरीज में कैंसर होने की पुष्टि का समय रहते पता चल जाए तो मरीज की 70 फीसदी तक जान बचाई जा सकती है। जबकि वहीं 50 फीसदी लोग भ्रम में रहते है कि उन्हें टीबी की गांठ है और उसका इलाज कराते है, लेकिन जब इलाज से सही नही होता है और वह जब कैंसर से सम्बंधित डाक्टर्स के पास पहुंचते है तब तक काफी देर हो चुकी होती है और वह अपनी अंतिम स्टेज पर पहुंच जाते है। डॉ कुश पाठक ने कहा कि ऐसे मरीजो को टीबी की जांच के साथ ही मॉलिकुलर स्टडी, पैट स्कैन, व बायोप्सी के द्वारा जांच करवा लेनी चाहिए क्यों कि अक्सर ऐसे मरीज भ्रम की स्थित में रहते है औश्र इसे दूर करने के लिए इन जांचो का होना बहुत ही जरूरी है।

# हिंदी में पत्राचार की संख्या में हुई भारी वृद्धि : कुलपति

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद सिंह ने हिंदी दिवस के अवसर पर कहा कि देशभर में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन हिंदी मात्र भाषा की महत्वता और उसकी नितांत आवश्यकता को याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि सन 1949 में 14 सितंबर के दिन ही हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा मिला था। जिसके बाद से अब तक हर वर्ष यह दिन हिंदी दिवस के रुप में मनाया जाता है। डॉ सिंह ने बताया कि इस दिन को महत्व के साथ याद करना इसलिए जरूरी है। क्योंकि अंग्रेजों से आजाद होने के बाद यह देश वासियों की स्वाधीनता की भी एक निशानी है।

उन्होंने कहा कि पहला हिंदी दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी में भी कार्य ने गति पकड़ी है। विभिन्न प्रकाशन में अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी का भी काफी प्रयोग हो रहा है।

साथ ही हिंदी में पत्राचार की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के पोर्टल पर भी हिंदी में जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। कुलपति ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में दिए जाने की बात कही है। जिससे छात्रों को विषय वस्तु समझने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और मनुष्य किसी अन्य भाषा की अपेक्षा अपनी मातृभाषा में तीव्र गति से सीखता है। उन्होंने कहा कि विश्व में अनेक विकसित देशों में मातृभाषा में ही शिक्षा दी जाती है। जापान इसका प्रमुख उदाहरण है। जब अन्य देश अपनी मातृभाषा में शिक्षा एवं कामकाज कर सकते हैं। हमें अपनी दैनिक कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए। कुलपति डॉ सिंह ने कहा कि हिंदी भारत की विभिन्न औपचारिक भाषाओं में एक है।

हिंदी दिवस के अवसर पर कुलपति ने विश्व विद्यालय परिवार के सभी अधिकारियो, शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# शहर का बढ़ाया मान, सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ चयन

कानपुर। अपने शहर कानपुर का नाम रोशन करने वाले युवक का सेना में चयन होने के बाद बधाईयों का तांता लग गया। स्पर्श भारद्वाज का सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन होने पर शुक्रवार को उनके घर लेफ्टिनेंट प्रभाकर पाल और लेफ्टिनेंट वीर सिंह ने पहुंचकर उनको माल्यार्पण किया तथा मिष्ठान खिला कर उन्हें सम्मानित किया। अपको बता दे कि स्पर्श के पिता 59 यूपी बटालियन में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं जबकि स्पर्श की मां प्राइवेट विद्यालय में शिक्षिका है तथा इनका छोटा भाई आदित्य भारद्वाज 11वीं का छात्र है।

# अगले बरस तू जल्दी आ ... के साथ हुआ बप्पा का विसर्जन, घाटों पर उमड़ी भीड़



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भगवान गणपति की स्थापना के बाद बप्पा का विसर्जन नम आंखों से भक्तों ने करना शुरू कर दिया है। अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ भक्त अपने ईष्ट का विसर्जन गंगा किनारे बने कृत्रिम तालाबों में कर रहे हैं।

विसर्जन में बप्पा की आरती के उपरांत सभी श्रद्धालुजनों ने बप्पा के साथ रंग गुलाल खेल कर नाचते गाते बप्पा की विदाई दी। बप्पा की विदाई में शामिल सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने नम आंखों से बप्पा की विदाई की। बप्पा की विदाई में ब्रह्म नगर से ईदगाह ईदगाह से ग्वालटोली कॉल टोली से वीआईपी रोड से सिविल लाइंस से कालीघाट बप्पा की प्रतिमा को ले जाया गया। जहां बप्पा की आरती कर उनके कान में मन्नत कहकर जयकारे लगाए गए। शहर में चंद्रिका देवी, लालबंगला, कल्याणपुर, अशोक नगर, गुजैनी, पी रोड, लाजपत नगर, लाठी मोहाल, मंधना, दबौली, केशवपुरम, रावतपुर गांव समेत अन्य स्थानों पर बड़े समारोह आयोजित किए गए हैं।

गणपति बप्पा मोरया, अगल बरस तू जल्दी आ जैसे जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान है। शहर में 9 गंगा घाटों पर नगर निगम ने कृत्रिम तालाब बनवाए गए हैं। इन घाटों पर लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर बप्पा का विसर्जन कर रहे हैं। 20 फीट से लेकर 1 फीट तक की मूर्ति लेकर लोग विसर्जन के लिए घाटों पर पहुंच रहे हैं। वहीं पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं।

# शहर में ई-रिक्शा के लिए 30 रूट चिह्नित, मंडलायुक्त की स्वीकृति मिलते ही चालू होगी कलर कोड प्रक्रिया

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शहर में ई-रिक्शा की अराजकता खत्म करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की बनायी योजना जल्दी ही धरातल पर उतरेगी। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, व्यापरियों व ई-रिक्शा एसोसिएशन से वार्ता करके ई-रिक्शा संचालन के लिए 30 मार्ग ट्रैफिक पुलिस ने चिह्नित किए हैं। सोमवार को तय किए गए रूटों पर अंतिम स्वीकृति के लिए रिपोर्ट मंडलायुक्त को सौंपी जाएगी। इसके बाद कलर कोडिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

आरटीओ विभाग में मात्र 41 हजार ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, जबकि इसके दोगुना से ज्यादा ई-रिक्शा विभिन्न मार्गों पर दौड़ रहे हैं। इसके चलते प्रमुख चौराहों और मार्गों पर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही जीटी रोड व हाईवे पर भी ई-रिक्शा चलते हैं, जो अक्सर हादसों का कारण बनते हैं।

इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा संचालन की नीति तैयार की है। इसमें शहर के 30 रूटों पर ही ई-रिक्शा को अनुमति देने के साथ प्रमुख चौराहों, जीटी रोड व हाईवे पर रोक लगायी गयी है। तय हुआ है कि ई-रिक्शा कलर व बार कोड के आधार पर ही तय रूटों पर संचालित होंगे। ट्रैफिक पुलिस ने रूट तय करने के लिए स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में ट्रांसपोर्टर, ई-रिक्शा एसोसिएशन और व्यापारियों से राय मांगी थी। इसी के बाद शुक्रवार को 30 रूटों की अंतिम सूची तैयार की गई है। अब यह सूची मंडलायुक्त अमित गुप्ता को सौंपी जाएगी। उनकी हरी झंडी मिलते ही बार व कलर कोड प्रक्रिया शुरू होगी। बिना बार कोड के कोई भी ई-रिक्शा रूट पर संचालित नहीं हो सकेगा।

## पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा थाना गुजैनी एवं हनुमंत विहार पर की गई जन-सुनवाई

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर नौबस्ता सर्किल के थाना गुजैनी एवं हनुमंत विहार पर जनता की शिकायतों/समस्याओं के सम्बंध में जनसुनवायी करते हुये गुणवत्तापूर्ण/त्वरित निस्तारण कराये जाने हेतु सर्व संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त थाने में बीट पुलिस ऑफीसर को अपने बीट क्षेत्र में सक्रिय होकर समस्याओ की जाँच कर एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही को नियत समय में निस्तारण करने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। मौके पर थाना प्रभारी गुजैनी व थाना प्रभारी हनुमंत विहार मौजूद रहें।

## महिला आइकॉन पुरस्कार 2024 के लिए रेनू को किया गया नामित, हर्ष

बीपीएस न्यूज

कानपुर। महिला विश्व रिकॉर्ड संस्था द्वारा अंतर्राष्टीय महिला पुरस्कार के रूप में प्रभात पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू अवस्थी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं प्रतिबद्धता एवं युवा दिमाग को आकार देने और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डालने, समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए महिला आइकॉन पुरस्कार 2024 के लिए नामित किया गया।

रेनू अवस्थी को मिलने वाले इस सुयोग्य सम्मान के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पुलिस आयुक्त ने थाना ग्वालटोली व रेलबाजार का किया औचक निरीक्षण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सितंबर माह के द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा थाना ग्वालटोली व थाना रेलबाजार का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर का भ्रमण किया गया तथा कार्यालय अभिलेख, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क व सीसीटीएनएस, परिसर की साफ-सफाई को देखा गया तथा थाना प्रभारी को आगंतुकों/पीड़ितों से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने, बैठने की उचित व्यवस्था करने तथा सभी की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुनकर शीघ्र निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# पनकी मंदिर के बर्तन वाले कमरे में महंत के सेवादार का मिला शव

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पनकी के पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रथम तल पर बने बर्तन वाले कमरे में शनिवार सुबह सेवादार का शव मिलने से परिसर में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सेवादार के परिजनों को मामले की जानकारी देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पनकी के सुंदर नगर निवासी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया (45) पनकी के पंचमुखी हनुमान मंदिर के सेवादार थे। जो पिछले दस वर्षों से मंदिर परिसर के प्रथम तल पर बने बर्तन वाले कमरे में ही रहकर अपने जीवन का निर्वाह कर रहे थे। शनिवार सुबह धर्मेंद्र का शव कमरे में पड़ा मिला।

महंत कृष्णदास ने बताया कि शुक्रवार शाम परिजनों से मिलकर मंदिर लौटा धर्मेंद्र परिसर की फर्श पर लेट गया। अन्य सेवादारों के पूछने पर तबीयत ठीक न होने की बात कह कर काम कमरे के अंदर चला गया, जहां संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कुशाग्र हत्याकांड में हुई वादी से जिरह, अगली सुनवाई 17 को

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कुशाग्र हत्याकांड में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में वादी संजय कनोडिया से आरोपी के अधिवक्ता ने एडीजे-17 के समक्ष जिरह की। अगली सुनवाई की तिथि 27 सितंबर निर्धारित की गई।

आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की 30 अक्टूबर 2023 को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले में रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला और शिवा गुप्ता को जेल भेजा गया था। तीनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। एडीजे-17 की कोर्ट में जेल से रचिता, प्रभात और शिवा को लाकर पेश किया गया। डीजीसी क्रिमिनल दिलीप अवस्थी ने बताया कि रचिता के अधिवक्ता श्रीकांत दीक्षित ने वादी कुशाग्र के बाबा संजय कनोडिया से जिरह की।

# यमुना में आई बाढ़, एक दर्जन गांव प्रभावित, किसानों की फसल डूबी, घरों में घुसा पानी

कानपुर। घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्जन गांवों के किसानों की ज्वार की फसल डूब गई है। वहीं हरदौली सहित एक दर्जन गांव यमुना नदी की चपेट में है। गांव में घरों में पानी घुस गया है। एसडीएम घाटमपुर ने बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा कर चौकियां स्थापित करने के आदेश दिए हैं। घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कटरी, काटर, गडाथा, इमरतेपुर, कुटरा, मकरंदपुर, टिकरी, गौरवा कछार, अकबरपुर बीरबल, मऊ नखत आशिक, हरदौली आंशिक, रामपुर, लोहरी मऊ, अस्वासपुर, मऊ, समूही सहित एक दर्जन गांव यमुना नदी की बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। जबकि गड़ाथा गांव में चारों ओर से यमुना नदी का पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं खतरे की निशान के करीब यमुना का जलस्तर पहुंच गया है। अकबरपुर के ग्राम प्रधान रामकुमार कर्णधार ने बताया कि यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। खतरे के निशान से कुछ आंशिक दूरी बची है और उक्त गांवों में किसानों की ज्वार की फसल डूब गई है। फिलहाल एसडीम यजुवेंद्र सिंह बाढ़ प्रभावित गांव का स्थलीय निरीक्षण किया और चौकिया स्थापित करने के निर्देश के साथ-साथ आईटीबीपी के जवानों को भी तैनात करने के निर्देश दिए।

# सरकारी कर्मचारी राजघाट पर मोमबत्ती जलाकर करेंगे पुरानी पेंशन की मांग

कानपुर। केंद्र द्वारा एनपीएस में सुधार कर लाई गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को लेकर सरकार कर्मचारियों में आक्रोश कम नहीं हो पा रहा है। विभिन्न सरकारी कर्मचारी संगठन, पुरानी पेंशन यानी ओपीएस बहाली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पुरानी पेंशन की मांग के लिए लंबे समय से आंदोलन करने वाले कर्मचारी संगठन एनएमओपीएस ने 26 सितंबर को देश के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इससे पहले 15 सितंबर को सरकारी कर्मचारी ओपीएस की मांग को लेकर बापू के समाधि स्थल दिल्ली के राजघाट पर पहुंचेंगे। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के अनुसार, दिल्ली में राजघाट पर हजारों कर्मचारी पहुंचेंगे। ये कर्मचारियों के हितों की लड़ाई है। अब वे अपने हक की लड़ाई के लिए स्वयं आगे आएंगे। कर्मचारी, किसी का इंतजार नहीं करेंगे। वजह, केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए यूपीएस लागू करने की बात कही है। एनएमओपीएस एक ऐसा संगठन है, जो केवल ओपीएस के लिए लड़ रहा है।

# सांसद ने पनकी क्रॉसिंग पर नये पुल की डीपीआर बनाकर के दिए आदेश

कानपुर। सांसद रमेश अवस्थी विधायक सुरेंद्र मैथानी शनिवार दोपहर पनकी पड़ाव रेलवे क्रॉसिंग पहुंचे। जहां पर सेतु निर्माण निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे। पनकी पड़ाव क्रासिंग के कारण वहां पर प्रतिदिन नागरिकों को जाम से जूझना पड़ता है। इसी संदर्भ में सांसद रमेश अवस्थी ने क्रासिंग का निरीक्षण करते हुए सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर को कहा की इस पर पूल बनने की बहुत आवश्यकता है। आप इसका टी टाइप में नया डीपीआर बना कर एक सप्ताह के अंदर मुझे अवगत कराएं रेल मंत्रालय व राज्य सरकार से वार्ता हो चुकी है। सांसद रमेश अवस्थी विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा की भारत सरकार एवं राज्य सरकार से इसकी संस्तुति ली जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर ए के सिंह अनूप अवस्थी अभिनव दीक्षित पूर्व पार्षद दिनेश बाजपेई मंडल अध्यक्ष प्रशांत पाल मनीष बाजपेई अरविंद शुक्ला विनोद पाल सहित भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



# स्वर्ग से कम नहीं अंबिकापुर की ये हसीन जगहें

**तातापानी** -अगर आप भी अंबिकापुर घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आपको तातापानी को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। बता दें कि न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि भारत के लिए भी यह एक रहस्यमई जगह है। बताया जाता है कि तातापानी में प्राकृतिक रूप से धरती के अंदर से गर्म पानी निकलता रहता है। इस कुंड में पूरे साल पानी गर्म रहता है। इसके साथ ही मानसून में भी इस कुंड का पानी गर्म रहता है। इस पानी में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। यहां पर भगवान भोलेनाथ की एक विशाल मूर्ति भी स्थापित है।

**ठिनठिनी पत्थर**-अंबिकापुर से कुछ ही दूरी पर ठिनठिनी पत्थर नामक एक सहस्यमयी जगह मौजूद है। यह स्थान एक फेमस पर्यटक स्थल भी है। घने जंगल के बीच इस स्थान पर भारी संख्या में सैलानी घूमने के लिए आते हैं। इस रहस्यमयी ठिनठिनी पत्थर के बारे में बताया जाता है कि जब किसी चीज से इस पर मारा जाता है तो इससे काफी मधुर आवाज आती है। जो आसपास के मौजूद पत्थरों से बिलकुल अलग होती है। वहीं कुछ लोग इस पत्थर को चमत्कारिक मानकर माथा भी टेकते हैं।

**ऑक्सीजन पार्क**-अंबिकापुर के हसीन वनों के बीच मौजूद ऑक्सीजन पार्क घूमने के लिए काफी बेहतरीन जगह है। यह खूबसूरत पार्क पहाड़ की चोटी पर स्थिति है। इसलिए इस हसीन जगह पर घूमने के लिए सैलानी भारी संख्या में घूमने पहुंचते हैं। बता दें कि यह पार्क काफी हसीन दृश्यों के लिए जाना जाता है। यहां पर आपको चारों तरफ से छोटे-बड़े पहाड़ और हरियाली देखने को मिलती है। ऑक्सीजन पार्क में हजारों किस्म के फूल देखने को मिलते हैं। इन फूलों को देखकर सैलानियों का मन भी तृप्त हो जाता है। वहीं मानसून इस जगह की खूबसूरती देखने लायक होती है।

**अन्य जगहें**-अंबिकापुर में तातापानी, ठिनठिनी पत्थर और ऑक्सीजन पार्क के अलावा घूमने वाली कई ऐसी जगहें हैं, जिन्हें देखकर आपका मन तृप्त हो जाएगा। अंबिकापुर में आप रामगढ़ और सीता बेंगरा, संजय पार्क, महामाया मंदिर और वाटर पार्क आदि घूम सकते हैं।

# लखनऊ की शान है रूमी गेट और जामा मस्जिद



बारिश के मौसम में मानसून का लुत्फ उठाने के लिए लोग घूमने का प्लान बना रहे हैं। ऐसे में आप लखनऊ घूमने के लिए जा सकते हैं। आप अपने परिवार व दोस्तों के साथ इस शहर में घूम सकते हैं। आइए लखनऊ की कुछ घूमने वाली बेहतरीन जगहों के बारे में जानते हैं।बारिश के मौसम में मानसून का लुत्फ उठाने के लिए लोग घूमने का प्लान बना रहे हैं। अगर आप भी कम खर्च में शानदार ट्रिप प्लान करना चाहते हैं, तो बता दें कि लखनऊ एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। आप अपने परिवार व दोस्तों के साथ इस शहर में घूम सकते हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में घूमने के लिए कई सारी जगहें हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लखनऊ की कुछ घूमने वाली बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं कि लखनऊ में आप कहां-कहां घूम सकते हैं।

बताया जाता है कि लखनऊ की यात्रा रूमी गेट घूमे बिना अधूरी मानी जाती है। रूमी दरवाजे का 60 फीट लंबा प्रवेश द्वार हर किसी का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने में सफल होता है। बता दें कि रूमी दरवाजा छोटे व बड़े इमामबाड़े के बीच में है। ऐतिहासिक स्थलों के बारे में दिलचस्पी रखने वालों के लिए यह एख बेहतरीन जगह है। साल 1784 में लखनऊ के नवाब आसफ-उद-दौला द्वारा इस दरवाजे का निर्माण कराया गया था।

**ब्रिटिश रेजीडेंसी**-बता दें कि ब्रिटिश रेजीडेंसी को रेजीडेंसी कॉम्प्लेक्स भी कहते हैं। एक समय पर यह इमारत ब्रिटिश रेजिडेंट जनरल के निवास के रूप में कार्य करता था। 18वीं शताब्दी में हुए भारतीय विद्रोह के समय करीब 3 हजार से अधिक ब्रिटिश निवासियों को इस रेजीडेंसी में आश्रय दिया गया था। हालांकि वर्तमान में यह इमारत पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत संरक्षित है। यहां पर घूमने के लिए आपको किसी तरह का शुल्क नहीं देना पड़ता है।

**छत्तर मंजिल**-छतर मंजिल को अम्ब्रेला पैलेस के नाम से भी जाना जाता है। एक समय पर शासकों के साथ उनकी पत्नियां छतर मंजिल में निवास करती थीं। इस इमारत में ऊपर छतरी के आकार का गुंबद है। इसी कारण इस इमारत को छतर मंजिल कहा जाता है। आप अगर बेहतरीन वास्तुकला देखना चाहते हैं, तो आपको छतर मंजिल को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

**जामा मस्जिद**-लखनऊ में घूमने वाली जगहों की लिस्ट में जामा मस्जिद का नाम भी आता है। देश की अन्य सभी मस्जिदों की तरह यह मुस्जिद भी मुस्लिम भक्तों के लिए आध्यात्मिक केंद्र है। यह मस्जिद अपनी खूबसूरत वास्तुकला के लिए भी जानी जाती है।

# कर्नाटक घूमने का है प्लान तो जरूर घूमें हम्पी शहर



कर्नाटक में वैसे तो कई ऐसी खूबसूरत जगहें हैं, जिन्हें आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। अगर आप कर्नाटक घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो हम्पी शहर सबसे बेस्ट ऑप्शन है। हम्पी में लोटस महल घूमे बिना आपकी ट्रिप अधूरी है।

हमारे देश के मौजूदा पारंपरिक गुणों के साथ कर्नाटक वैश्वीकरण का एक आदर्श भी है। महाराजाओं के मैसूर पैलेस से लेकर बेंगलुरु के आईटी हब तक कर्नाटक में कई अनसुलझे तथ्य हैं। जिन्हें जानकर आप हैरान हो जाएंगे। यहां पर दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। अगर आप पूरा एक महीना भी इस राज्य का दीदार करते हैं, फिर भी आपके पास समय कम पड़ जाएगा।

अगर आप इस राज्य में पहले भी घूमने आ चुके हैं, या हाल ही में घूमने का प्लान बना रहे हैं। तो बता दें कि घूमने के लिए हम्पी शहर सबसे बेस्ट ऑप्शन है। लेकिन लोटस महल के दर्शन किए बिना हम्पी का टूर अधूरा माना जाता है। लोटस महल कई मायनों में बेहद खास है। साथ ही इसका इतिहास भी काफी रोचक है।

**लोटस महल**-बता दें कि लोटस महल का इतिहास काफी रोचक है। इस महल को चितरंगी महल के नाम से भी जाना जाता है। श्री कृष्णदेव राय द्वारा रानी के लिए इस महल का निर्माण 16वीं शताब्दी में किया गया था। इसमें रानी के महल के तहखाने, जल मंडप, ट्रेजरी बिल्डिंग और वॉच टॉवर जैसी कई दिलचस्प संरचनाएं देखने को मिलेंगे। हालांकि यह महल किसी भगवान या मूर्ति को समर्पित नहीं है।

**लोटस महल की खासियत**

लोटस महल की संरचना काफी ज्यादा खूबसूरत है। इस महल की तुलना कमल से की गई है। यह दो मंजिला इमारत काफी ज्यादा शोभनीय है और इसके स्तंभों पर विशेष रूप से खूबसूरत बारीक नक्काशी उकेरी गई है। आप इसे इस्लामी वास्तुकला की एक अच्छी मिसाल कह सकते हैं। इस महल का मुंडेर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। वहीं अगर आप इस महल के इतिहास के बारे में अधिक जानना चाहते हैं, तो आपको इस किले को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। लोटस महल की वास्तुकला बेहद खूबसूरत है।



# देवघर के आसपास मौजूद इन बेहतरीन जगहों को जरूर करें एक्सप्लोर

देशभर में सावन माह को अत्यंत पवित्र माह माना जाता है। सावन का महीना भगवान शिव को अतिप्रिय है। सावन के महीने में लाखों-करोड़ों भक्त गंगा जल भगवान शिव को अर्पित करने के लिए पवित्र और फेमस शिवालय में पहुंचते रहते हैं। वहीं झारखंड का देवघर भी एक ऐसा शहर हैं, जहां पौराणिक काल से भगवान शिव शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। हर साल लाखों भक्त जल अर्पित करने और दर्शन करने के लिए देवघर में पहुंचते हैं। ऐसे में अगर इस सावन आप भी देवघर जा रहे हैं और वहां की फेमस जगहों को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। हम इस आर्टिकल के जरिए आपको देवघर की कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अगर आप देवघर के आसपास किसी मनमोहक और खूबसूरत जगह जाना चाहते हैं। तो आपको त्रिकूट पर्वत को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह पर्वत अपने हसीन और मनमोहक दृश्यों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। यह जगह वॉटरफॉल के लिए भी फेमस है। पर्वत के पास से निकलने वाली मयूराक्षी नदी बेहद खूबसूरत झरनों का निर्माण करती है। आप त्रिकूट पर्वत पर ट्रैकिंग और रोपवे का भी लुत्फ उठा सकते हैं। सूर्यास्त के बाद यहां का नजारा आपको मिस नहीं करना चाहिए।

**नौलाखा मंदिर**-देवघर से करीब 2 किमी की दूरी पर नौलाखा मंदिर मौजूद है। यह मंदिर काफी ज्यादा फेमस और पवित्र है। बता दें कि यह मंदिर भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी को समर्पित है। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 9 लाख रुपए में कराया गया था। नौलाखा मंदिर 146 फीट ऊंचा है। इसके साथ ही यह मंदिर जंगलों के बीचो-बीच में होने से आसपास खुशनुमा नजारा देखने को मिलता है।

**नंदन पहाड़**-देवघर से कुछ दूरी पर नंदन पहाड़ मौजूद है। यह भले ही थोड़ा छोटा है, लेकिन देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत है। इसे एक खूबसूरत पार्क के रूप में भी जाता है। बता दें कि स्थानीय लोग इस स्थान पर पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। इस पार्क में एक छोटा सा और खूबसूरत तालाब भी है। ऐसे में आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटीज भी कर सकते हैं। । नंदन पहाड़ अपने सनसेट और सनराइज के लिए भी काफी फेमस है। देवघर के साथ-साथ इसके आसपास मौजूद अन्य शहरों में भी तपोवन हिल्स और गुफाएं काफी फेमस पर्यटक स्थान माना जाता है।



# पार्टनर संग इन रोमांटिक जगहों पर बनाएं घूमने का प्लान

रिमझिम बारिश के चलते मौसम काफी सुहावना हो जाता है। मानसून में कुछ जगहें बेहद खूबसूरत और रोमांटिक नजारा पेश करती हैं। वहीं कपल्स का भी यह सपना होता है कि वह किसी रोमांटिक जगह पर घूमने के लिए जाएं।

अगस्त के महीने में देश के अलग-अलग राज्यों में रिमझिम बारिश होती रहती है। वहीं रिमझिम बारिश के चलते मौसम काफी सुहावना हो जाता है। मानसून में कुछ जगहें बेहद खूबसूरत और रोमांटिक नजारा पेश करती हैं। वहीं कपल्स का भी यह सपना होता है कि वह किसी रोमांटिक जगह पर घूमने के लिए जाएं। ऐसे में अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ किसी रोमांटिग जगह पर जाने की सोच रही हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसी खूबसूरत और रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ आराम से क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं।

**मालशेज घाट**

पार्टनर संग हसीन पल बिताने के लिए आप अगस्त के महीने में मालशेज घाट जा सकते हैं। यह महाराष्ट्र की सबसे खूबसूरत और हसीन जगह है। कपल्स नेचर लवर्स के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। अगस्त के महीने में रिमझिम बारिश इस जगह को और भी खूबसूरत बना देती है। आप यहां पर पार्टनर के साथ कुछ हसीन पल बिताने के साथ ही ट्रैकिंग का भी आनंद उठा सकते हैं। यहां पर आप अजोबा पहाड़ी किला, मालशेज वॉटरफॉल और पिंपलगांव जोगा बांध जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करना ना भूलें।

**कुमारकोम**

दक्षिण-भारत के केरल राज्य में घूमने के लिए कई खूबसूरत और हसीन जगहें हैं। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर के साथ केरल को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आपको कुमारकोम जरूर जाना चाहिए। बता दें कि कई छोटे-छोटे द्वीपों से मिलकर बना कुमारकोम केरल का एक रोमांटिक डेस्टिनेशन है। यहां पर आप बैकवाटर, पारंपरिक व्यंजन, धान के खेत और हसीन दृश्यों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह जगह रोमांटिक रिसॉर्ट्स के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आप कुमारकोम नेशनल पार्क, कुमारकोम बैकवाटर्स, वेम्बानाड झील और कुमारकोम बीच जैसी जगहों पर घूमने का लुत्फ उठा सकते हैं।

**नागौर में घूमने की जगहें**

राजस्थान में आप जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर या माउंट आबू जैसी फेमस जगहों पर तो कई बार घूमने के लिए गए होंगे। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर के साथ किसी शांत व रोमांटिक जगह पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको नागौर जरूर पहुंचना चाहिए। अजमेर से 149 किमी की दूरी और रेगिस्तान के बीच स्थित नागौर शहर ऐतिहासिक और मनमोहक शहर है। यहां पर आप दीपक महल, अमर सिंह स्मारक, खिमसर किला, नागौर किला और सैंड ड्यून विलेज जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**मर्चुला**अगर आप भी अपने हमसफर के साथ उत्तराखंड की हसीन वादियों में समय बिताना चाहते हैं, तो आपको मसूरी और नैनीताल की जगह मर्चुला पहुंचना चाहिए। नैनीताल से करीब 99 किमी की दूरी पर स्थित मर्चुला नेचर लवर्स के लिए जन्नत से कम नहीं है। यहां की खूबसूरती का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि इस जगह पर कई टीवी शो और फिल्मों की भी शूटिंग हो चुकी है। हिमालय की पहाड़ियों के घिरा यह शहर बेहद हसीन नजारे प्रस्तुत करता है।

# गुरुग्राम के पास इन होमस्टे में बिताएं अपना वीकेंड



हम सभी पूरे सप्ताह काम करने के बाद वीकेंड पर ढेर सारा आराम करना चाहते हैं। अक्सर लोग वीकेंड पर दिल्ली एनसीआर के आसपास रहना चाहते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस वीकेंड गुरुग्राम के आसपास रुकने का मन बना रहे हैं। तो बता दें कि ऐसे कई होमस्टे हैं। जहां पर आप आराम से अपना वीकेंड गुजार सकते हैं। इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको गुरुग्राम और उसके आसपास के एरिया में मौजूद होमस्टे के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर रहकर आप खुद को रिचार्ज कर सकते हैं।

सिमब्लिस फार्म-अगर आप भी इस वीकेंड एक बेहतरीन जगह पर रुकना चाहते हैं तो सिमब्लिस फार्म एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। बता दें कि यहां पर मेहमान बड़े पैमाने पर कैंपिंग कर सकते हैं। सिमब्लिस फार्म में आपको 4 बेडरूम, 2 बारबेक्यू पिट्स, गेजेबो, पूल, फायरप्लेस और इन हाउस शेफ मिलेगा। सिमब्लिस फार्म मानेसर से ठीक आगे स्थित है। यह फार्म पूरी तरह से फुल रहते हैं, ऐसे में आप यहां पर पहले से ही बुकिंग कर सकते हैं।

मालिबू टाउन-मालिबू टाउन तीन मंजिला विला 1000 वर्ग मीटर में फैले होने के साथ ही फुल फर्निश्ड है। यहां पर आपको कम्युनिटी क्लब के पूल, टेनिस कोर्ट और रेस्तरां आदि भी मिलेंगे। जहां पर आप अपना वीकेंड आराम से बिता सकते हैं। अगर आप भी अपनी थकान को पूरी तरह से मिटाना चाहते हैं तो आपको एक बार यहां विजिट जरूर करना चाहिए। इस होमस्टे में हर चीज का चयन काफी समझदारी से किया गया है। इसीलिए यहां पर रुकने वाले गेस्ट को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। मालिबू टाउन सेक्टर 47 गुरुग्राम में स्थित है।

आइवी ब्रिज फार्म-अगर आपको भी नेचर से खासा लगावा है तो आपको अपना वीकेंड आइवी ब्रिज फार्म पर बिताना चाहिए। यहां पर आपको ट्री हाउस मिलेगा। जो आपको आपके बचपन को फिर से जीने का मौका मिलेगा। यहां पर आप नेचर के बीचो-बीच अच्छा समय बिता सकते हैं। नेचुरल फील लाने के लिए यहां पर आर्टिफिशियल बारिश होती है। इसके अलावा आइवी ब्रिज फार्म एक स्विमंग पूल भी है।



# उत्तर भारत के इन पर्यटन स्थलों की ट्रेन से करें सैर

वैसे तो भारत में घूमने के लिए कई पर्यटन स्थल हैं। यह पर्यटन स्थल अपनी खासियत के लिए काफी ज्यादा फेमस हैं। जितना ज्यादा यह पर्यटन स्थल आकर्षक हैं, उतना ही ज्यादा सुहावना इनका सफर है। भारत के हर कोने तक आप रेल मार्ग, सड़क मार्ग या हवाई मार्ग से जा सकते हैं। लेकिन हवाई मार्ग का किराया अधिक होने के कारण हर व्यक्ति हवाई मार्ग नहीं चुन सकता है। ऐसे में आप पर्यटक स्थलों तक पहुंचने के लिए रेल यात्रा का अनुभव आपको रोमांचित कर सकता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तर भारत के 5 ऐसे पर्यटक स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप ट्रेन के जरिए पहुंच सकते हैं और घूमने का पूरा मजा उठा सकते हैं।

**उत्तर प्रदेश, वाराणसी** उत्तर प्रदेश में घूमने के लिए कई ऐसे स्थान हैं, जहां तक रेल यात्रा की सुविधा मौजूद है। ऐसे में अगर आप भी महादेव की नगरी वाराणसी घूमने का प्लान बना रहे हैं। तो आप यहां पर ट्रेन के जरिए बेहद आराम से पहुंच सकते हैं। वाराणसी की गंगा आरती और गंगा के घाट आपको मंत्रमुग्ध कर देंगे। भगवान शिव की नगरी काशी में सुबह-शाम सनातन धर्म की संस्कृति अलौकिक नजर आती है। वाराणसी पहुंचने के लिए यहां का सबसे पास रेलवे स्टेशन %वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन% है।

**रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान**

वैसे तो पूरे विश्व में राजस्थान की खूबसूरती के चर्चे हैं। लेकिन अगर आप भी राजस्थान घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आपको सवाई माधोपुर में स्थित रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान को एक्सप्लोर करना चाहिए। यह देश के सबसे अच्छे बाघ अभ्यारण्यों में से एक है। यहां का सबसे करीबी रेलवे स्टेशन %सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन% है।

**उत्तराखंड, मसूरी**

उत्तराखंड की खूबसूरती पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करने का काम करती है। ऐसे में पहाड़ी शहर मसूरी रंगबिरंगी इमारतों के चलते काफी ज्यादा फेमस है। देवदार के पेड़ों से घिरा यह शहर छुट्टियां बिताने के लिए सबसे अच्छी जगह है। यहां पर आप स्थानीय खानपान और लंबी सैर का आनंद उठा सकते हैं। मसूरी का सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन %देहरादून रेलवे स्टेशन% है।

**रॉक गार्डन, चंडीगढ़**

अगर आप भी घूमने-फिरने के काफी ज्यादा शौकीन हैं, तो आपको चंडीगढ़ जरूर जाना चाहिए। पहाड़ियों के बीच स्थित चंडीगढ़ में आप शहरीकरण, वास्तुकला और प्राकृतिक सुंदरता का बेजोड़ मिश्रण देख सकते हैं। यहां के रॉक गार्डन की सुंदरता तो देखते बनती है। चंडीगढ़ का सबसे पास का रेलवे स्टेशन %चंडीगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन है।

**पंजाब, अमृतसर**-पंजाब की संस्कृति अपने आप में काफी ज्यादा अनोखी है। यहां की संस्कृति में आपको जिंदादिली देखने को मिलेगी। यहां पर आप स्वर्ण मंदिर देख सकते हैं।

# यूपी के युवाओं के लिए अच्छी खबर, राजस्व विभाग में खुलने वाला है भर्तियों का पिटारा



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के साथ-साथ लिपिकीय संवर्ग के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक जैसे पदों के लिए जहां पदोन्नति लंबित है, वहां तत्काल प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा है कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर आम आदमी से जुड़ा हुआ है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से लेकर पैमाइश, नामांकन, घरौनी, खतौनी, सर्वे, पट्टा सहित ढेरों महत्वपूर्ण प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके, इसके लिए न केवल विभाग के रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की आवश्यकता है, बल्कि आवश्यकतानुसार नवीन पदों का सृजन किया जाए। यही नहीं, उन्होंने राजस्व परिषद के अंतर्गत बन्दोबस्त आयुक्त (ग्रामीण) बन्दोबस्त आयुक्त (नगरीय) तथा निदेशक प्रशिक्षण का नवीन पद सृजित करने की भी जरूरत बताई।

शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व विभाग के कामकाज और उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग और राजस्व परिषद में काम के बदलते स्वरूप और अधिकता को देखते हुए दक्ष युवाओं की तैनाती की जानी चाहिए। नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए तहसील, जिला, मंडल और राजस्व परिषद में आई.टी. में दक्ष लोगों की तैनाती की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के कार्यों में राजस्व विभाग के कार्मिकों को प्रायः फील्ड विजिट करना पड़ता है। ऐसे में यह उचित होगा कि लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को वाहन भत्ता दिया जाना चाहिए। इसी तरह नायब तहसीलदार की कार्यक्षमता में बढ़ोतरी के लिए उन्हें चार पहिया वाहन की उपलब्धता कराई जाए। साथ ही, जीपीएस से संबंधित कार्यों के बेहतर संपादन के लिए लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को नए टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आम जन से जुड़े कार्यों को समयबद्धता के साथ मेरिट के आधार पर निस्तारित किया जाए, अनावश्यक कहीं भी कोई प्रकरण लंबित न रहे। राजस्व कार्मिकों के प्रशिक्षण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने राजा टोडरमल सर्वेक्षण भूलेख प्रशिक्षण संस्थान, हरदोई में आधारभूत अवसंरचना को और बेहतर करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव, अध्यक्ष राजस्व परिषद, प्रमुख सचिव राजस्व सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# एनकाउंटर पर सवाल उठने के बाद शुरू हुआ ऑपरेशन 'व्हील चेयर' थर-थर कांप रहे बदमाश और गुंडे मवाली

उत्तर प्रदेश अपराधियों की मुसीबत का प्रदेश बन चुका है. इसके लिए हम आपको यूपी के कुशीनगर की एक खबर के बारे में बताते हैं जिससे यूपी के बाकी अपराधियों में भी सीएम योगी का स्नश्वक्रदिख रहा है. यहां हर जगह फिलहाल 'ऑपरेशन व्हील चेयर'की चर्चा है. बदमाश हो या माफिया सबको संदेश एकदम साफ है कि उत्तर प्रदेश में सिर उठाओगे, तो सीधे पैरों पर नहीं चल पाओगे. योगी की पुलिस गुंड़े मवालियों को 'व्हील चेयर' पर घुमा घुमाकर माफी मंगवाएगी. यानी फुल ऑन तमाशा तो होगा ही, इज्जत भी चली जाएगी.

यूपी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं मानो वो तस्वीरें गुंडे बदमाश हों या कोई भी ऐसा शख्स जिसके मन में गुंडई यानी गुंडागर्दी का ख्याल भी आता हो तो उसके लिए जनहित में जारी की गई है. उन तस्वीरों को देखकर मामला एकदम साफ हो जाएगा– 'यहां अपराध करोगे तो चलने फिरने के काबिल नहीं रह जाओगे. फिर व्हील चेयर पर दौड़ाए जाओगे'. क्योंकि योगी यूपी में अपराध रोकने के लिए सबसे बड़ी सौगंध उठा चुके हैं.योगी ने यूपी को माफिया मुक्त करने की कसम खाई है. मैसेज क्लियर है – 'बड़े से बड़ा दुर्दांत अपराधी हो या दो टके का चिरकुट गुंडा सबको सजा मिलेगी'. फंडा ये है कि जब लोकल लेवल पर ही गुंडई नहीं होगी तो अपराध की दुनिया में उसके ऊपर की क्लास में दाखिले अपने आप बंद हो जाएंगे. जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए यूपी की पुलिस अब फुल स्पीड में ऑपरेशन व्हील चेयर चला रही है.व्हील चेयर पर कुछ गुंडे बैठे हैं. जो चारों ओर लोगों से माफी मांग रहे हैं. मानों पुलिसवाले उनसे माफी वाली फैशन परेड की प्रैक्टिस करवा रहे हों. माफीनामें की ऐसी रट जिन्होंने इससे पहले न देखी सुनी हो उनके लिए बता दें कि ये खबर यूपी की है. जिसमें व्हीलचेयर पर बैठे अपराधी असली हैं. उनके पैर का प्लास्टर भी असली है, वहीं उनकी माफियों का मंत्रजाप भी असली है. इन बदमाशों को नहीं मालूम था कि योगी जो कहते हैं वो तो करते ही हैं. और जो नहीं कहते हैं वो भी डेफिनेटली करते हैं. इन दोनों ने भी योगी की चेतावनी में हल्के में लिया था फिर क्या हुआ – अब भुगत रहे हैं और तहे दिल से हाथ जोड़कर माफी मांग रहे हैं.कुशीनगर के तमकुहीराज थाना क्षेत्र में मनाही के बावजूद दो लोग पशु तस्करी का नेटवर्क चला रहे थे. ये लोगों को धमकाने का भी काम करते थे. लाख सयाना बनते थे लेकिन जिस दिन कानून के हत्थे चढ़े उस दिन भागने की कोशिश में दोनों के पैरों की मुलाकात योगी की पुलिस की गोली से हो गई. पहले भाग रहे थे अब चलने के लायक भी नहीं हैं. योगी की सिंघम पुलिस के आगे माफी मांगनी पड़ी अलग से. कुशीनगर पुलिस की इस मुहिम को ऑपरेशन व्हीलचेयर नाम दिया है.आपको बताते चलें कि इससे पहले उत्तर प्रदेश में ऑपरेशन लंगड़ा ने भी अपराधियों के दिल में खौफ भर दिया था।

# बहराइच में अकेले बचे भेड़िये 'लंगड़ा सरदार' ने सोते हुए 2 बच्चियों पर किया हमला



बहराइच में पिछले डेढ़ महीने में भेड़ियों के कई हमले हुए हैं, जिनमें नौ बच्चों समेत 10 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं। बहराइच में भेड़ियों के हमलों में कम से कम 36 लोग घायल हुए हैं। वन विभाग ने 'ऑपरेशन भेड़िया' के तहत बहराइच में लोगों को आतंकित करने वाले छह भेड़ियों के झुंड में से पाँच को पकड़ लिया है और क्षेत्र में बचे अकेले नर भेड़िये ने बुधवार की सुबह दो बच्चों पर हमला कर दिया ।बहराइच जिले के गड़रियन पुरवा गांव में भेड़िये ने 11 वर्षीय सुमन पर हमला किया। भेड़िया रात करीब 12 बजे उनके घर में घुसा और चारपाई पर सो रही लड़की की गर्दन पकड़कर उसे घसीटकर पास के खेत में ले गया। उसके परिवार के सदस्यों ने मदद के लिए आवाज़ लगाई, जिसके बाद अन्य ग्रामीण खेत में घुसे और भेड़िये को भगाया। सुमन के परिवार ने कहा कि वे गरीब होने के कारण अपने घर में दरवाज़ा नहीं लगा पा रहे थे। उसे बहराइच के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।दूसरी घटना में, बहराइच के खैरीघाट गांव में भेड़िये ने 11 वर्षीय शिवानी पर हमला किया। यह हमला सुबह करीब 4 बजे हुआ जब शिवानी अपनी मां के साथ झोपड़ी में सो रही थी। भेड़िये ने बच्ची को गर्दन से पकड़ लिया और उसे ले जाने लगा। हालांकि, ग्रामीणों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया, जिसके बाद वह भाग गया। भेड़िये के पैरों के निशान मिलने की सूचना मिली है। उसे महसी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है ।वन विभाग ने रात में इलाकों में गश्त करने के लिए कई टीमें बनाई थीं और भेड़ियों को भगाने के लिए हाथी के गोबर और मूत्र का इस्तेमाल कर रहे थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने भेड़ियों के हमलों को 'वन्यजीव आपदा' घोषित किया है।

# हथौड़ा लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग खुद ही तोड़ने लगे मस्जिद, इसके बाद जो कहा वो कर देगा हैरान

मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा हथौड़ा लेकर खुद ही मस्जिद तोड़ने की घटना की खूब चर्चा हो रही है। शिमला की संजौली मस्जिद को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब मंडी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुद ही मस्जिद तोड़नी शुरू कर दी है। शिमला की सड़कों पर बवाल देख मंडी में रहने वाले मुस्लिम मस्जिदों के अवैध हिस्से को खुद ही तोड़ रहे हैं। आपको बता दें कि मस्जिद का ये हिस्सा लोक निर्माण विभाग की जमीन पर बनाया गया था जिसे तोड़ा जा रहा है। शिमला और मंडी में हिंदुओं का प्रदर्शन देख पहली बार मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक बड़ा ऐलान किया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति की बातें करनी शुरू कर दी है।

मुस्लिम पक्ष ने अब खुज संजौली मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने का प्रस्ताव रख दिया है। मस्जिद के इमाम अब बोल रहे हैं कि अमन और भाई चारा बस बना रहना चाहिए। शिमला के जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शफ़ी कासमीने कहा कि हमने इसमें (ज्ञापन) कहा है कि, इस क्षेत्र में इस सीमावर्ती राज्य में भाईचारे (समुदायों के बीच) की एक बड़ी आवश्यकता है। हम हमेशा यहां रहते हैं सद्भावना बनाए रखने के लिए यदि कोई हिस्सा (मस्जिद का) अवैध है, तो हमें बताएं और हम इसे स्वयं हटाने के लिए तैयार हैं। संजौली मस्जिद के इमाम शैजाद आलम का कहना है कि हमने यह आवेदन इसलिए दिया क्योंकिहिमाचल प्रदेश के सभी लोग दशकों से सद्भाव के साथ रह रहे हैं। हम भविष्य में भी सद्भाव और प्रेम से रहना चाहते हैं।' इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। इसलिए हमने यह आवेदन दिया कि हम उस हिस्से को खुद ही तोड़ देंगे। हम ऐसा किसी के दबाव में नहीं कर रहे हैं, हम पर सिर्फ दबाव है कि सौहार्द बनाए रखना है।

संजौली मस्जिद मामला शिमला पुलिस ने 11 सितंबर को विरोध प्रदर्शन के दौरान पथराव में शामिल लोगों की पहचान कर ली है। पुलिस ने कहा कि मामले के साथ-साथ सामान्य उद्देश्यों के साथ गैरकानूनी सभा की जांच कर रही है। नागरिक समाज जिसने इस विरोध का आयोजन किया और आह्वान किया, वह इस आपराधिक कृत्य के लिए जिम्मेदार होगा। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के शिमला के संजौली में मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर एक बार फिर से जमकर बवाल देखने को मिला। 11 सितंबर को संजौली में धारा 163 टूट गई और पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प भी हुई। पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ा था।

# आरोप है दुकानदार जूस में मानव मूत्र मिला कर बेच रहा था, दुकान से मिला एक केन मूत्र

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक बेहद शर्मनाक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक जूस की दुकान पर एक युवक द्वारा निंदनीय कृत्य किए जाने का पता चला है। जूस के संचालकों पर आरोप लगाया गया है कि वो जूस में इंसान के पेशाब को मिलाकर बेच रहे थे।

जैसे ही ये जानकारी मिली स्थानीय लोगों ने दुकानदार को जमकर धून दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने ही लोगों के गुस्से से दुकानदार को बचाया है। वहीं पुलिस ने दुकान की जांच की तो उन्हें दुकान से एक केन में मूत्र मिला है। इसे देखकर पुलिस भी हैरान हो गई है। पुलिस ने इसके संबंध में दुकानदार से सवाल किए तो वो जवाब नहीं दे सका। बता दें कि इस मामले में पुलिस ने दो नाबालिगों समेत दो लोगों को थाने में लेकर आया है। इस घटना के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस घटना के संबंध में अंकुर विहार के सहायक पुलिस आयुक्त भाष्कर वर्मा ने कहा कि जनता ने ये जानकारी उपलब्ध करवाई थी कि जूस बेचने वाला व्यक्ति जूस में मूत्र को मिला रहा है। पुलिस इसकी सूचना मिलने पर तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। यहां पुलिस को एक केन मे मानव मूत्र भी मिला है।

बता दें कि ये मामले लोनी बॉर्डर स्थित इंदिरापुरी कॉलोनी का है। यहां एक दुकानदार की जूस की दुकान पर मूत्र मिला है। आरोप है कि व्यक्ति जूस में मानव मूत्र मिला कर बेच रहा था। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों ने दुकानदार को पीट दिया। पुलिस को शिकायत भी की गई और टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को शांत करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की छानबीन को शुरू कर दिया है।

# सूरत में आधी रात को संग्राम क्यों? गणेश पंडाल पर पथराव, भीड़ ने गाड़ियों में लगाई आग

गुजरात के सूरत में रविवार देर रात गणेश उत्सव के बीच बवाल हो गया. आधी रात भीड़ ने जमकर हंगामा किया और कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की. बताया जा रहा है कि पूरा विवाद गणेश भगवान की प्रतिमा पर पथराव को लेकर शुरू हुआ. सूरत के वरियावी बाजार इलाके में देर शाम तक गणेश पूजा हो रही थी, लेकिन रात होते-होते पूरी माहौल अचानक ही हिंसक हो गया. कुछ ही देर में भीड़ उग्र हो गई और पुलिस लाठियां लिए भीड़ के पीछ भागती नजर आई. भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे गए.गणेश भगवान की प्रतिमा पर किसने किया पथराव ?

लोगों की शिकायत थी कि गणेश भगवान की प्रतिमा पर पहले पथराव किया गया. आरोप अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर था. इसके बाद शिकायत लिए लोगों ने थाने का घेराव किया. बड़ी संख्या में भीड़ थाने के बाहर नारेबाजी करने लगी. हालात बिगड़ते देख स्थानीय विधायक को भी आना पड़ा, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे. बाद में भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा.पुलिस की कार्रवाई से भीड़ नाराज हो गई और उसने हंगामा शुरू कर दिया. भीड़ में शामिल लोगों ने कई गाड़ियों में तोड़ फोड़ की और कई गाड़ियों में आग लगा दी. फिर क्या था पुलिस ने तुरंत उपद्रवियों की तलाश शुरू कर दी और ड्रोन के जरिए उन्हें खोजने लगे. हालांकि देर रात स्थिति काबू में आ गई. लेकिन, माहौल की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गलियों में गश्त लगाती रही है. पुलिस के बड़े अधिकारी भी टीम के साथ घूमते नजर आए.

सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत ने कहा, 'कुछ बच्चों ने गणेश पंडाल पर पथराव कर दिया, जिसके बाद झड़प हो गई. पुलिस ने तुरंत उन बच्चों को वहां से हटाया. इलाके में तुरंत पुलिस तैनात कर दी गई. सभी जगह लाठीचार्ज किया गया, जिन इलाकों में इसकी जरूरत थी और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया. शांति भंग करने वाले सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है, चारों तरफ करीब 1,000 पुलिसकर्मी तैनात हैं और जनता भी यहां मौजूद है.'

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा, 'सूरत के सैयदपुरा इलाके में आज 6 लोगों ने गणेश पंडाल पर पथराव किया. इन सभी 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने अन्य 27 लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया है, जो उत्साह बढ़ाने में शामिल थे. घटना की जांच चल रही है. सूरत के सभी इलाकों में पुलिस तैनात है, जो लोग शांति भंग करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.'

## इस्कॉन मंदिर के पास गांव में मगरमच्छ, लोगों ने पकड़ कर वन विभाग को सौपा

कानपुर। बिठूर में रविवार तड़के एक मगरमच्छ संभरपुर गांव में पहुंच गया। गांव के लोग जब सुबह घर से निकले तो मगरमच्छ को हड़कंप मच गया। चीख-पुकार सुनकर सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई। पब्लिक ने किसी तरह से उसे रस्सी से बांधा। फिर वन विभाग का सूचना दी। करीब छह घंटे बाद वन विभाग की टीम पहुंची और उसे कब्जे में लेकर चली गई। बिठूर मैनावती मार्ग इस्कॉन टेंपल के पास संभरपुर गांव है। गांव के प्रधान दीपक ने बताया कि रविवार सुबह लोग अपने घर से बाहर निकले तो एक मगरमच्छ मोहल्ले में टहलते देखा। चीख-पुकार सुन सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई। कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए लाठी-डंडे से दबाया और फिर रस्सी से उसे एक घर के बाहर खंभे से बांध दिया, लेकिन उसका मुंह नहीं बांध सके। प्रधान ने बिठूर पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी भीड़ को मगरमच्छ के पास से हटाया और वन विभाग को सूचना दी।

# यूनुस सरकार का फरमान, अजान से 5 मिनट पहले बंद कर दें दुर्गा पूजा के म्यूजिक वरना

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंदू समुदाय के दुर्गा पूजा को लेकर सख्त हिदायत जारी की है। युनूस सरकार ने कहा कि अज़ान और नमाज के दौरान दुर्गा पूजा से संबंधित गतिविधियां, विशेष रूप से म्यूजिक बजना पांच मिनट पहले ही रोक दिया जाए। बांग्लादेश की सरकार के इस तालिबानी फरमान का अब चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एमडी जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि पूजा समितियों को संगीत वाद्ययंत्र और ध्वनि प्रणाली बंद रखने के लिए कहा गया है। इसके बाद जब तक मस्जिदों में नमाज चलेगी, तब तक पंडालों में बजने वाले सभी म्यूजिक सिस्टम और लाउडस्पीकर बंद रहने चाहिएं।

उन्होंने देश में हिंदू समुदाय के सबसे बड़े धार्मिक त्योहार दुर्गा पूजा से पहले देश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर एक बैठक के बाद ये घोषणाएं कीं। चौधरी ने यह भी कहा कि इस साल देश भर में कुल 32,666 पूजा मंडप बनाए जाएंगे। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 157 मंडप ढाका दक्षिण शहर में और 88 उत्तरी शहर निगमों में होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले साल पूजा मंडप की संख्या 33,431 थी, उन्होंने बताया कि इस साल यह संख्या इससे अधिक हो जाएगी।

चौधरी ने मूर्तियों के निर्माण से लेकर उत्सव के दौरान सुरक्षा का भी आश्वासन दिया। हमने चर्चा की है कि पूजा मंडपों में चौबीसों घंटे सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। ढाका ट्रिब्यून ने उनके हवाले से कहा, बिना किसी बाधा के पूजा मनाने और शरारती तत्वों की बुरी गतिविधियों को रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे।

# निर्माणी में व्याप्त भ्रष्टाचार और ओटी एरियर को लेकर किला मजदूर यूनियन ने दिया धरना

कानपुर। आयुध उपस्कर निर्माणी फूलबाग कानपुर की किला मजदूर यूनियन द्वारा निर्माणी में व्याप्त तमाम अनियमितताओ, भ्रष्टाचार, ठेकेदारी प्रथा, नए उत्पादों की टाईम स्टडी न करवाने और ओटी एरियर सहित कई विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को निर्माणी के मुख्य द्वार पर एक विशाल धरने का आयोजन किया गया। धरने में मुख्य रूप से बोलते हुए राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष एच. एन.तिवारी ने निर्माणी प्रशासन द्वारा डिजिटल विज्ञापन के नाम पर लाखों रुपये की एलईडी लगवाकर सरकारी धन की बर्बादी करने और बूट प्लांट अनुभाग में तीन लाख जोड़ी बूट का ऑर्डर होने के बावजूद कमीशन खाने के उद्देश्य से ठेकेदारों से बूट बनवाने का काम किया जा रहा है ।जिससे बूट की गुणवत्ता खराब होने के साथ निर्माणी कर्मचारियों की बदनामी हो रही है। फेडरेशन के सचिव सिद्धनाथ तिवारी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि टीसीएल ग्रुप को ओटी एरियर का बजट प्राप्त होने के बावजूद कर्मचारियों को एरियर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। साथ ही निर्माणी प्रशासन द्वारा निर्माणी में बिना टाईम स्टडी करवाये नए उत्पाद बनाने के लिए कर्मचारियों को बाध्य किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों की पेमेंट माइनस में जा रही है, जिससे कर्मचारियों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। निर्माणी को 650 करोड़ का टारगेट मिलने के बावजूद निर्माणी प्रशासन द्वारा ज्यादातर उत्पाद बाहर के ठेकेदारों से बनवाकर लगातार गुणवत्ता प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।

यूनियन के अध्यक्ष महेंद्रनाथ ने कहा कि निर्माणी के अंदर जर्जर बिल्डिंगों, गंदे शौचालयों के साथ निर्माणी में सरकारी धन की खुली लूट और बर्बादी का मुद्दा उठाते हुए नौकरशाहों पर सवाल खड़े किए और कहा कि अधिकारियों की खराब कार्यशैली और नाकामी की वज़ह से ही आज आयुध निर्माणीयों का बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही सभी मांगों का निस्तारण न किया गया, तो यूनियन आगे एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।धरने में मुख्य रूप से एच. एन. तिवारी, सिद्धनाथ तिवारी, राकेश सिंह, महेंद्रनाथ, महामंत्री समीर बाजपेई, राकेश द्विवेदी, नीरज सिंह, अनिल कुमार, रंजीत राणा, मोहित शुक्ला, मोहम्मद अजीम, अरविंद द्विवेदी, काशी प्रसाद, राजकुमार श्रीवास्तव, चन्द्रशेखर, रतन कुमार, मनोज दीक्षित, राजकुमार, अरविंद राठौर, नरेश तिवारी, सलीम खान, विजय पाल, जे. पी.शर्मा, हेमंत कुमार, रोहित तिवारी, अवधेश शर्मा, दिनेश वर्मा, शैलेन्द्र द्विवेदी, ब्रह्मदत्त तिवारी, दिनेश पाण्डेय, मिथिलेश प्रसाद, इंसाद अली, चंद्रकिशोर प्रजापति, सुजीत कुमार, अरुण कुमार, मनीष भदौरिया, नीरज शुक्ला, संजय स्टिंग, शिवकुमार पाल, आदित्य श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## डॉ महक सिंह राज्य कृषि सलाहकार समिति के बने सदस्य छात्र छात्राओं में हर्ष की लहर

कानपुर। सीएसए के प्रोफेसर एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर महक सिंह को राज्य कृषि सलाहकार समिति में बतौर सदस्य नामित किया गया है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि इस आशय का पत्र दिनांक 10 सितंबर 2024 को उत्तर प्रदेश शासन के कृषि अनुभाग दो द्वारा जारी किया गया है। समिति का दायित्व प्रदेश में कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक संचालित केंद्र/राज्य सहायतित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनका लाभ कृषकों तक पहुंचाने हेतु समीक्षा एवं प्राप्त सुझावों पर चर्चा के उपरांत अनुशंसा करना है। समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में काम से कम एक बार अवश्य होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने डॉक्टर महक सिंह के सदस्य नामित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। विश्वविद्यालय के शिक्षकों /वैज्ञानिकों /अधिकारियों एवं छात्र छात्राओं में हर्ष की लहर व्याप्त है।

# विश्वविद्यालय में स्पिक मैके का प्रादेशिक अधिवेशन संपन्न

कानपुर। पद्मश्री प्रोफेसर किरण सेठ द्वारा स्थापित स्पिक मैके (सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ) संस्था का प्रदेश अधिवेशन छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एकेडमिक्स में संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने स्पिक मैके के संस्थापक प्रोफेसर किरण सेठ का स्वागत किया। प्रो विनय ने कहा कि यह संस्था विश्वविद्यालय एवं इससे संबद्ध महाविद्यालय में अध्यनरत युवा विद्यार्थियों को भारतीय कला, संस्कृति, शास्त्रीय नृत्य, संगीत, लोक – कला, योग रंगमंच, शिल्प इत्यादि सांस्कृतिक आयामों से जोड़ने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगी, जिससे युवाओं का रुझान अपनी सांस्कृतिक धरोहर की ओर होगा। इस अवसर पर स्पिक मैके के संस्थापक पद्मश्री प्रो. किरण सेठ ने अपनी एकल साइकिल यात्रा के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि वह अपनी इस यात्रा को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय से पुनः प्रारंभ कर रहे हैं । 16 सितंबर को कानपुर से शुरू होने वाली प्रो. किरण सेठ की एकल साइकिल यात्रा नई दिल्ली के राजघाट पर जाकर पूर्ण होगी । इस यात्रा में मार्ग में पढ़ने वाले विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों से प्रो. किरण सेठ संवाद स्थापित कर, उनको गांधीवादी मूल्यों, अहिंसा पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करेंगे। अधिवेशन में संस्था की गतिविधियों को पूरे प्रदेश में पहुंचाने हेतु गहन विचार विमर्श किया गया ।स्पिक मैके एक वर्ष में पूरे देश में लगभग 5000 कार्यक्रम आयोजित करता है जिसमे शास्त्रीय संगीत, नृत्य, साहित्य, लोकसंगीत, शिल्प, कलाओं, योग, रंगमंच, क्लासिक सिनेमा आदि के कार्यक्रम व कार्यशालाएं आयोजित की जाती है।

# शरीर से कपड़े गायब, नग्न अवस्था में पड़ी थी रोड पर सिर कटी महिला की लाश, कानपुर-दिल्ली हाईवे पर मचा हड़कंप

बीपीएस न्यूज

कानपुर। गुजैनी में कानपुर-दिल्ली हाईवे पर एक महिला का अर्धनग्न और सिर कटा शव मिलने से पुलिस में हड़कंप मच गया है। बुधवार को कानपुर के गुजैनी में हाईवे पर शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।पुलिस अभी तक मामले में कोई सफलता हासिल नहीं कर पाई है और महिला की पहचान का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) रविंदर कुमार ने कहा कि महिला की हड्डियां और दांत टूटे हुए थे। शव के पास कोई मोबाइल फोन, बैग या पहचान पत्र नहीं मिला।

डीसीपी कुमार ने कहा, महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव पर किसी कुंद वस्तु के निशान हैं। हम इस मामले की हत्या के साथ-साथ दुर्घटना के नजरिए से भी जांच कर रहे हैं। डीसीपी ने कहा कि मृतक के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पुलिस नेटवर्क को सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच के लिए हाईवे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।

महिला की मौत का तत्काल कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन कानपुर के अपर आयुक्त हरीश चंद्र ने कहा कि यह सड़क दुर्घटना के कारण हो सकता है।

उन्होंने कहा, संभव है कि दुर्घटना किसी बड़े वाहन की वजह से हुई हो। सिर गायब नहीं था। चोट के कारण यह फट गया था। अब यह मिल गया है। कपड़े भी मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अन्य बातें सामने आएंगी।

इस बीच, इस घटना ने राज्य में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू कर दिया है, जिसमें विपक्षी दल कानून-व्यवस्था की स्थिति और महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला कर रहे हैं।समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, यूपी में महिलाओं के खिलाफ अपराध की एक और दिल दहला देने वाली घटना में कानपुर के हाईवे पर एक महिला का सिर कटा, नग्न शव मिला। नैतिकता कहती है कि मृतका पर निर्मम हिंसा और अत्यधिक शारीरिक यातना के सबूतों का उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और अपराधियों की पहचान कर ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि ऐसा अपराध करने वालों के मन में डर पैदा हो। उम्मीद है कि भाजपा सरकार राजनीति से ऊपर उठकर इसकी जांच कराएगी।कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी अपने इंडिया ब्लॉक पार्टनर की बात दोहराते हुए कहा कि भारत में हर दिन 86 महिलाओं के साथ बलात्कार और दुर्व्यवहार होता है। कानपुर की घटना को दिल दहला देने वाली बताते हुए गांधी ने कहा, चाहे घर हो या बाहर, सड़क हो या दफ्तर, महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। देश की आधी आबादी न केवल असुरक्षित है, बल्कि ऐसी क्रूरता के कारण हर दिन करोड़ों महिलाओं का मनोबल टूटता है।

## ज़ोन के सभी थानों के जेब्रा पुलिस कर्मियों के साथ मीटिंग, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के दिए निर्देश

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा पूर्वी कार्यालय पर पूर्वी ज़ोन के सभी थानों के जेब्रा पुलिस कर्मियों के साथ मीटिंग की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए रेलवे पटरियों के आस-पास के संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। पटरियों के पास रहने वाले लोगों से संपर्क कर उन्हें जागरूक करने और सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने को बताया।

जिससे आपराधिक घटनाओं को समय रहते रोका जा सके। ?त्योहारों के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। किसी भी आपात स्थिति या घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया देने और स्थानीय नागरिकों से अच्छा संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए। सभी ज़ेब्रा पुलिस कर्मियों को जनता से बेहतर संबंध बनाए रखने और उनकी समस्याओं को सुनकर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## देश में अधिवक्ता पेंशन की शुरुआत पर अधिवक्ताओ ने किया मिष्ठान वितरण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बार एसोसिएशन गेट पर अधिवक्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर देश में अधिवक्ता पेंशन की शुरुआत होने की खुशी मनाई । बताते चलें झारखंड सरकार ने 65 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ अधिवक्ताओ को रिटायरमेंट की शर्त पर रु 14000 प्रतिमाह पेंशन की शुरुआत कर दी और योजना के सुलभ क्रियान्वन हेतु निश्चित धनराशि भी आवंटित कर दी। देश में झारखण्ड अधिवक्ता पेंशन लागू करने वाला पहला राज्य बना ।प्रदेश में भी योगी सरकार से मांग है कि झारखंड की तरह उत्तर प्रदेश में भी अधिवक्ता पेंशन योजना जिसके अंतर्गत रु 15,000 प्रतिमाह पेंशन देय हो लागू करे ।अंत में अरविंद कुमार दीक्षित पूर्व उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन ने मिष्ठान वितरण कर सभी को धन्यवाद दिया ।प्रमुख रूप से एम के सिंह शिवम गंगवार श्रवण निषाद शालिनी शुक्ला सत्येंद्र राय इंद्रेश मिश्रा के के यादव कल्पना कुमारी वीरपाल सिंह गौरांग त्रिवेदी रवी शंकर शुक्ला राकेश सिद्धार्थ आदि रहे।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आयोजित किया समस्या समाधान शिविर

## रोजगार हेतु ऋण के लिए 40 दिव्यांगजन को वितरित किये गये फार्म, दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी,दिव्यांग पेंशनर एन.पी.सी.आई. करवा लें नहीं तो रूकेगी पेंशन



कानपुर। रोजगार के लिए दिव्यांगजन बीस लाख तक के ऋण के लिए आवेदन कर सकते है। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया गेट नम्बर 4 में शिविर का आयोजन किया।जिसमें रोजगार के लिए राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त विकास निगम 18 , जिला उधोग केन्द्र 6, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय 4 व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के 12 आवेदन वितरित किये गये। आवेदन पूर्ण करवाकर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से बैंकों को भेजे जायेगें।आज के शिविर में दिव्यांग पेंशनरों को एन.पी.सी.आई. करवाने की जानकारी देने के साथ ही दिव्यांग पेंशन, रेलवे रियायत, रेलवे यूनिक कार्ड, यू.डी.आई.डी. कार्ड व कृतिम अंग उपकरण के आवेदन भी भरे गये।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि रोजगार के लिए ऋण हेतु दिव्यांगजन आय प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंक पासबुक, फोटो, आधार कार्ड लेकर किसी भी दिन सुबह 9 से 11 बजे तक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया गेट नम्बर 4 में सम्पर्क कर सकते हैं।आज के शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, रोली शुक्ला, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार, रंजीत कुमार, अनुराधा गुप्ता, मीरा कुशवाहा, गोमती, सरला, सीमा आदि शामिल थे।

## पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण अभियान का किया आयोजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जेसीआई ब्रह्मा व्रत कानपुर द्वारा ट्री प्लांटेशन इवेंट जिसमें स्थानीय पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना और वनों की कटाई के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। इस मौके पर 200 से अधिक बेलपत्र कनेर आमला हरसिंगार चितवन आदि विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। आयोजन में संस्था के मेंबर्स स्वयंसेवी संगठन और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समिति के अध्यक्ष सौरभ रामसीसरिया ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल पर्यावरण के संरक्षण में सहायक हैं बल्कि सामाजिक समरसता को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पौधों की देखभाल करें और उनके संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध रहें। इस मौके पर मोहित गुप्ता आदित्य भारतीय अत्यंत अग्रवाल नारायण लाहोटी केतन ठक्कर डॉक्टर हेमंत मोहन आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की सफलता ने साबित कर दिया कि सामूहिक प्रयास और जागरूकता से पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान संभव है।

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्ररेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त पूर्वी एवं अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी व सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी कानपुर नगर व प्रभारी निरीक्षक चकेरी के कुशल नेतृत्व में थाना पंजीकृत मु0अ0सं0 581/2024 धारा 281/125बी/105 बीएनएस 2023 से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. मो0 जैद उर्फ रजा पुत्र मतीन नि0 म0न0 201 फेथफुलगंज थाना रेलवाजार मो0 आसिफ पुत्र मो0 असलम नि0 म0न0 03 मंगला विहार प्रथम न्यू पीएसी लाईन थाना चकेरी कानपुर नगर की गिरफ्तारी हेतु उ0नि0 अनुज कुमार पटेल मय पुलिस बल के क्षेत्र में मामूर था कि मुखबिर खास सूचना मिली कि साहब जिन व्यक्तियो की आप तलाश कर रहे है वह व्यक्ति अपने घर से गदियाना पुल की तरफ जा रहे है और कही भागने की फिराक में है अगर जल्दी की जाये तो पकड़े जा सकते है। इस सूचना पर तुरन्त पुलिस फोर्स लेकर गदियाना पुल रेलवे क्रासिंग के पास मय पुलिस बल के एक बारगी दबिश देकर मो0 जैद उर्फ रजा पुत्र मतीन नि0 म0न0 201 फेथफुलगंज थाना रेलबाजार कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष व हाल पता मंगला विहार प्रथम न्यू पीएसी मो0 आसिफ पुत्र मो0 असलम नि0 म0नं0 03 मंगला विहार प्रथम न्यू पीएसी लाईन थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र करीव 21 वर्ष पुलिस हिरासत में लिया गया। दौराने गिरफ्तारी के समय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं उच्चतम न्यायालय के आदेशों निर्देशों का अक्षरशः पालन किया व कराया गया व नियमानुसार थाना हाजा हाजा लाकर दाखिल किया गया। नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## कीर्तन में उमड़े हजारों भक्त, जमकर लगे जयकारे, समिति पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित

बीपीएस न्यूज

कानपुर। दामोदर नगर बर्रा स्थित मंदिर प्रांगण में बाबा विश्वनाथ सार्वजनिक गणेश महोत्सव समिति के द्वारा श्री गणेश महोत्सव महापर्व धूमधाम में आयोजित हो रहा है। तीसरे दिन पहुंचे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया का स्वागत संत श्रवणानंद जी महाराज एवं अध्यक्ष पंकज तिवारी ने स्मृति चिन्ह भेंटकर पटका पहनाकर सम्मानित करते हुए कहा कि नगर ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया की ख्याति उनके कार्यों एवं मदद करने की भावना के कारण है। कार्यक्रम में उनके आ जाने से पदाधिकारियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

वही महामंत्री राजीव त्रिपाठी तथा उपाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने स्वागत करते हुए कहा कि विगत कई वर्षों से मंदिर प्रांगण में क्षेत्रीय आम जनमानस के सहयोग से निरंतर कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसमे हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहते हैं। श्री गणपति गजानन की आरती करने के पश्चात जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया ने कहा कि ऐसे आयोजन नित्य प्रति आयोजित होने चाहिए

जिससे युवा पीढ़ी के भीतर भी धर्म और आस्था की भावना जागृत हो सके।

उन्होंने सफल कार्यक्रम की बधाई देते हुए आयोजको से कहा की अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा समाज के उत्थान की दिशा में निरंतर अग्रसर है किसी भी तरह की मदद को महासभा हमेशा तैयार है। हजारों की संख्या में मौजूद भक्ति ने गणपति बप्पा मोरया के जोरदार नारे लगाए। जवाबी भक्ति कीर्तन के उन्नाव के अवधेश रागिया तथा कानपुर की कीर्ति अचल ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य रूप से एडवोकेट राजेश तिवारी हरिओम भदौरिया प्रियांशु ठाकुर नितिन चतुर्वेदी आशुतोष शुक्ला पिंटू शर्मा मोहित त्रिवेदी आदर्श शुक्ला रमन गुप्ता हिमांशु शर्मा पंकज शर्मा वरुण शुक्ला राघवेंद्र तोमर सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## नि:शुल्क प्रास्टेट शिविर का आयोजन, पेशाब में मवाद खून इत्यादि आना कैंसर की निशानी




बीपीएस न्यूज

कानपुर। विश्व प्रास्टेट माह के अवसर पर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ वी के मिश्रा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निशुल्क प्रास्टेट शिविर का आयोजन किया जा रहा है डॉक्टर मिश्रा ने पत्रकारों को वार्ता के दौरान बताया कि लगभग 70 से 80न्न पुरुषों को 50 वर्ष की आयु के उपरांत प्रास्टेट ग्रंथि के बढ़ने से पेशाब का रुक-रुक कर होना बार-बार होना व पेशाब का अचानक रुक जाना छूट जाना इत्यादि समस्याएं हो सकती हैं।

यदि सही समय पर इनका उपचार कर दिया जाए तो मरीज को होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है ।

पेशाब की धार का पतला होना पेशाब का रुक रुक के आना या पूरा पेशाब न होना पेशाब करने में समय लगना पेशाब करते समय जोर लगाना पेशाब में मवाद खून इत्यादि आना एवं कभी-कभी प्रास्टेट कैंसर हो जाना।

आगे कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रास्टेट के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहता है तो इसके संबंधित जानकारी बी आर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल अस्पताल से पत्रिकाओं द्वारा ले जा सकता है।

लोगों की जागरूकता के लिए निशुल्क कैंप 15 सितंबर 10ः00 बजे से प्रारंभ होगा जो दोपहर 1ः00 बजे रविवार तक लगाया जा रहा है वार्ता के दौरान डॉ अरुण गुप्ता डॉक्टर के के अग्रवाल दो दीवयनित मिश्रा डॉ वी के मिश्रा आदि लोग रहे।

## संस्थान ने जरूरतमंदो को किया वस्त्र वितरण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। वस्त्र पाकर खिल उठे चेहरे 6 वर्ष से लगातार समाज के हित मे कार्य करने वाली ओम जन संस्था की टीम ने सिद्धनाथ घाट,जाजमऊ मे गरीब, असहाय और जरूरतमंदो को वस्त्र, बिस्किट, टाफी व खिलौने वितरण का आयोजन किया गया। जिसमे ओम जन सेवा संस्थान की अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि ने अपने सम्बोधन में कहा कि संस्था 6 वर्ष से समाज के हित में कार्य कर रही है, इस तरह कार्य करने से हमे मन को खुशी और आनंद मिलता है। बच्चो के चेहरे पर मुस्कान देखकर एक अजीब खुशी का एहसास दिलाती है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव देवी अग्रहरि (सीमा) शैलेंद्र गुप्ता, पारुल देवी, अनव्या, आदित्य राज अग्रहरि आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रवेश परीक्षा आवेदन फार्म भरवाने के संबंध में बैठक हुई संपन्न

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जवाहर विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आवेदन फार्म भरवाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर जनपद में कक्षा 5 में नामांकन के सापेक्ष शत प्रतिशत आवेदन फार्म बच्चों के नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु भरवाना सुनिश्चित करें। जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र अंतर्गत समस्त स्कूलों के कक्षा 5 में पंजीकृत समस्त बच्चों के शत प्रतिशत नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन फार्म भरवाना सुनिश्चित किया जाए ।यदि एक भी खंड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र अंतर्गत एक भी कक्षा 5 में पंजीकृत बच्चे का यदि आवेदन फॉर्म नहीं भराया गया तो संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण करने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन




बीपीएस न्यूज

कानपुर ।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हरिश्चंद्र दीक्षित के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राजपाल मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन के दौरान बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक (प्रथम/द्वितीय) का कार्य देख रहे अरुण कुमार द्वारा किये जा रहे अनियमित एवं अधिनियम विरुद्ध कार्यों में सिद्ध दोष होने के कारण पद से निलम्बित तथा दौरान जाँच अन्यत्र सम्बद्ध करने के सम्बन्ध में शिकायती ज्ञापन। अनेक बार अनियमित कार्यों की शिकायतें किये जाने पर संयुक्त शिक्षा निदेशक, कानपुर मण्डल कानपुर द्वारा जाँच की गई तथा दो समूहों की अनेक विन्दुओं की जाँच संयुक्त शिक्षा निदेशक, कानपुर मण्डल, कानपुर द्वारा की गयी जिसमें अरुण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक (प्रथम/द्वितीय) दोषी पाये गये। इसके अलावा फर्जी शिक्षकों की नियुक्तियों में बिना सत्यापन कराये नियुक्ति हेतु पैनल अग्रसारित कर दिये गये जिसमें इन्हीं के द्वारा एक आध्यापिका का कई माह का वेतन भुगतान कर दिया गया है।

दिनांक 31 मार्च, 2024 को सम्बद्ध बालिका के विद्यालयों, संस्कृत शिठाकों के मानदेय तथा अवशेष की अनुमन्यता का नावंटन रहते हुए भुगतान न करके लगभग रु0 1 करोड़ से अधिक की धनराशि ना करा दी गयी। संयुक्त शिक्षा निदेशक, कानपुर मण्डल, कानपुर द्वारा कई अवैधानिक कार्यों की जॉब रिपोर्ट शिक्षा निदेशक 14 पार्क रोड शिविर कार्यालय लखनऊ को अपने पत्र दिनांक 18.06.2024 द्वारा प्रेषित कर दी गयी फर्जी पैनल जो का ई-मेलद्वारा प्राप्त हुये थे कि शिक्षक भर्ती के लिए बिना सत्यापन के ही नियुक्ति हेतु अग्रसारणपत्र जारी कर दिये गये तथा एक शिक्षिका का कई माह का वेतन भी भुगतान कर दिया गया। विदौर इण्टर कालेज बिल्हौर के व्यायिक विषयों के दो शिक्षकों को छात्र सख्या के मानक को दरकिनार करते हुए बिना भौग पत्र के ही भुगतान कर दिया।शेष जी0एन0के0 इण्टर कालेज, सिविल लाइन्स कानपुर में मा0 उ न्यायालय, इलाहाबाद की याचिका सं0 15728/2023 में पारित आदेश दिनांक 13.10.2023 के निर्णय में प्रतिबन्धित तथ्य का उल्लंघन करते हुए पत्रांक मा0/2-6068- 6072/2024-25 दिनांक 03.09.2024 अविधिक रूप से जारी किया, जो अनियमित, अधिनियम विरूद्ध एवं उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अवमानना हैबिल्हौर इण्टर कालेज, बिल्हौर में सेवाविमुक्त प्रधानाचार्य के दण्ड प्रकरण पर मा0 उच्च न्यायालय में निर्णय के अनुपालन में सुनवाई का निर्णय न करके अवैधानिक रूप से वेतन भुगतान किया जा रहा है।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हुए अत्याचार के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन

कानपुर। बीते दिनों बांग्लादेश में हुये तख्तापलट के बाद वहां की बहुसंख्यक मुस्लिम जनता ने अपने अल्पसंख्यक हिन्दुओं को निशाने पर लेकर उनके घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थानों पर हमले किये, हत्याओं के साथ लूटपाट की, यही नहीं हिन्दू धार्मिक स्थलों को क्षति पहुंचायी गयी। जिसके कारण हजारों की संख्या में हिन्दुओं को पलायन कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिये मजबूर होना पड़ा।

बांग्लादेश में हिन्दु समुदायों के साथ हुये इन अत्याचारों के चलते पूरी दुनिया के हिन्दु समाज में आक्रोश व्याप्त है। अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा एवं अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी आपको अवगत कराना चाहती है कि बांग्लादेश में हुयी इस घटना को बीते अभी कुछ ही दिन हुये है और बांग्लादेश में हुये अत्याचार से हिन्दु समाज अभी भी उबर नहीं पाया है, बावजूद इसके भारतीय क्रिकेट कण्ट्रोल बोर्ड बीसीसीआई आगामी 19 सितम्बर से बांग्लादेश क्रिकेट टीम के स्वागत के लिये पलक पावड़े बिछाकर दो टेस्ट और तीन टी20 मैचों की सीरीज भारत के चेन्नई में 19 से 23 सितम्बर तक पहला टेस्ट, कानपुर में 27 सितम्बर से एक अक्टूबर तक दूसरा टेस्ट, ग्वालियर छह अक्टूबर को पहला टी20, नौ अक्टूबर को दिल्ली में दूसरा टी20 और 12 अक्टूबर को हैदराबाद में टी20 मुकाबला आयोजित करने जा रहा है। इसलिये भारत सरकार को चाहिए ऐसी परिस्थितियों में बांग्लादेश के साथ किसी भी प्रकार का कोई भी संबंध ना रखें।इसलिये 19 सितम्बर से भारत और बांग्लादेश के बीच शुरू हो रही क्रिकेट मैचों की श्रृंखला को रोकने के लिये उचित कदम उठाये, यदि सरकार श्रृंखला को रद करने को लेकर कोई कदम जल्द से जल्द नहीं उठाती है तो अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर न सिर्फ विरोध प्रदर्शन लिये बाध्य होंगे। कार्यक्रम संयोजक राकेश मिश्रा विपिन शर्मा अनु शर्मा हिमांशु प्रदीप सविता विद्यासागर मोहित संदीप गोस्वामी इत्यादि लोग रहे।

सरकार की आमद मरहबा

# जश्न-ए-चिरागा : पैगंबर साहब की आमद पर मछरिया क्षेत्र रोशनी से सराबोर









कानपुर। दक्षिण के थाना नौबस्ता स्थित मछरिया में पैगंबर इस्लाम की आमद पर जश्न ए चिरागा रंग बिरंगी रोशनी से हुआ। जिसमें मछरिया जामा मस्जिद से रमजानी चौराहे होते हुए मेन रोड पर मो0 शकील डिब्बे वाले (प्यारे) इलियास भाई (सरिया वाले), इस्माइल भाई पतंग वाले जो विगत कई वर्षो  से सरकार की आमद पर अपने क्षेत्र को रोशनी से सराबोर करते चले आ रहे हैं। शकील भाई द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन कुछ इस तरह करते हैं जिसमें तांबे के लोटे से जिन्न का निकलना और वहीं डंडे को पकड़े लतीफ भाई के लड़के बब्लू डब्लू को जमीन से चार फुट ऊपर उठा कर फांसी पर लटकाते हुए हैरतअंगेज कारनामें दिखाकर लोगों को अचंभित कर दिया। इस कला के किरदार मो0 सवाब , मो0 मेहताब, मो0 अकील, रईस लाइट वाले आदि लोग रहे। इसके अलावा वारसी रोड, बरकाती मस्जिद, सी ब्लाक, ईदगाह कर्बला पर भव्य सजावट और मक्के मदीने को बनाकर मोहल्लों में चार चांद लगा दिए।

# सिख वेलफेयर सोसाइटी ने राहुल गांधी के बयान पर किया विरोध प्रदर्शन

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।कानपुर। सिख वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अभी हाल ही में कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गाँधी ने अमेरिका में एक बयान दिया कि भारत में सिख पगड़ी कड़ा नहीं पहन सकते ऐसे झूठे बयान के खिलाफ आज सिखों ने गुमटी नंबर पांच स्थित गुरु गोविंद सिंह चौक पर प्रदर्शन कर कांग्रेस से माफी मांगने को कहा ।जिसमें कांग्रेस सरकार द्वारा सन 1984 में आपरेशन ब्लू स्टार के तहत जब सिखों के सर्वोच्च धार्मिक स्थल दरबार साहिब पर टैंकों से तोपों से हमला कराया गया या उनकी तस्वीर कार्यकर्ताओं के हाथ में थी और इसके अलावा सन 1984 में जब सिख नरसंहार हुआ उसे समय किस तरह से कांग्रेस के नेताओं ने सिख समाज को कैसे जिंदा जलाया, कैसे बहनों की असमत लूटी, कैसे गुरुद्वारों को क्षति पहुंचाई इन सबके भी पोस्टर कार्यकर्ताओं के हाथ में थे ।प्रदर्शन के बाद एक सभा में बोलते हुए सिख वेलफेयर सोसाइ ?टी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी बयान दे रहे है सन 1984 में हजारों सिखों को मौत के घाट उतार दिया।

उनके नेता आज भी कमलनाथ जगदीश टाइटलर आज भी कांग्रेस के कार्यक्रमों में देखे जाते हैं उसके बाद भी राहुल गांधी इस तरीके की बात करके अपने पापों को छुपाने का काम कर रहे हैं समाजवादी पार्टी के नेता आज राहुल गांधी के दिए बयानों को सही ठहरा रहे हैं, आज समाजवादी पार्टी कांग्रेस 卐आई चोर चोर मौसेरे भाई जैसे हो गए कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ मनप्रीत सिंह भटटी, रिपी बिंद्रा चरणजीत सिंह छाबड़ा नामी, गगन दीप सिंह,हरमिंदर सिंह पूनी, परमजीत सिंह चण्डोप,गगन सोनी,रवीन्दर सिंह सोमी, सरदार मंजीत सिंह सरदार तरनजीत सिंह, जसबीर जुनेजा, डिपंल छाबड़ा, यश छाबड़ा।

# कमिश्नरेट कानपुर के तीन अपर पुलिस उपायुक्त से पुलिस उपायुक्त के पद पर हुए प्रोन्नत



बीपीएस न्यूज

कानपुर।कमिश्नरेट कानपुर में तैनात आईपीएस लखन सिंह यादव संतोष कुमार मीना अंकिता शर्मा के अपर पुलिस उपायुक्त से पुलिस उपायुक्त के पद पर प्रोन्नत होने पर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार एवं अपर पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर द्वारा पुलिस आयुक्त कैम्प कार्यालय में पिपिंग सेरेमनी की गयी।पुलिस आयुक्त  द्वारा प्रोन्नत पुलिस अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनायें दी गई।



# आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर किया मिष्ठान वितरण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। आम आदमी पार्टी कानपुर नगर के द्वारा जिला कार्यालय पर मिष्ठान वितरण करके मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत की खुशी मनाई गई। कल सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत दे दी थी।



कानपुर के कार्यकर्ताओं में नया जोश और उमंग देखने को मिली। जिलाध्यक्ष अनुज शुक्ला ने बताया कि बहुत जल्द पार्टी के कार्यकर्ता हरियाणा चुनाव में प्रचार के लिए जा रहे है और आम आदमी पार्टी को मजबूती देने के लिए एक 20 सदस्यीय कमेटी हरियाणा में चुनाव प्रचार करेगी ।जिला महासचिव मुशीर सिद्दीकी ने बताया कि कानपुर में बहुत जल्द एक आंदोलन हाउस टैक्स की वृद्धि को लेकर किया जाएगा ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदन लाल भाटिया प्रवक्ता कानपुर संजीव निगम प्रदेश प्रवक्ता मो शाहिद प्रदेश उपाध्यक्ष माइनोरिटी विंग योगेश दीक्षित,प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ विंग,मुकेश झा प्रदेश सचिव यूथ विंगसरिता द्विवेदी,प्रदेश सचिव महिला विंग,समी इकबाल,नरेश अग्रवाल,कृष्ण कुमार चकित,सय्यद वसीम,कृष्णा प्रजापति आशा यादव,रमा अवस्थी,सुधीर कुमार शर्मा,संजय कुमार,जावेद मंसूरी,मनिंदर सिंह,जहीरूद्दीन शाहिद,देवेश शुक्ला,मो आसिफ,सुनील कठेरिया प्रदीप,सुहैल,गौतम कुकरेजा,महेंद्र श्रीवास्तव व तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ड्रोन से होगी जुलूस-ए-मोहम्मदी की निगरानी,आपत्तिजनक ध्वज की मनाही

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बारावफात पर जुलूस-ए-मोहम्मदी कल पुलिस के कड़े पहरे के बीच निकाला जाएगा। इसको लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा की तगड़े बंदोबस्त कर पूरे कर लिए हैं। पूरे जुलूस मार्ग को खुफिया कैमरों से लैस करने के साथ ही पूरे आयोजन के लिये पैरामिलेट्री, आरएएफ, पीएसी व पुलिस की चप्पे-चप्पे पर तैनाती की गई है। जूलूस की ड्रोन से कंट्रोल रूम में मानीटरिंग की जाती रहेगी। सभी आयोजकों से संपर्क करके पुलिस ने जुलूस के आयोजन को शांतिपूर्वक व अनुशासित ढंग से निकालने की अपील की। साथ ही किसी भी तरह की गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्ती से निपटने की बात कही।



जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर रविवार को दिनभर पुलिस की टीमें जुलूस रूट का निरीक्षण करती रहीं।सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी, थानेदारों को एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने दिशा निर्देश दिए।डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी और डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने अपने क्षेत्र के एसीपी और थानेदारों के साथ बैठक की। सभी वरिष्ठ अधिकारी आयोजन की कमान थामी। पूरे रूट पर जगह-जगह भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बेरीकेडिंग लगाई गईं है।

**शहरकाजी, मौलवियों से निरंतर हो रहा संवाद**

आयोजन को लेकर विगत कई दिनों से पुलिस की अलग-अलग टीमें शहरकाजी, धर्म गुरुओं व मौलवियों की तरफ से सभी आयोजकों से निरंतर संवाद करके आयोजन को लेकर सभी तरह की समस्याएं दूर करने में लगी हुई हैं। ताकि आयोजन हर बार से बेहतर हो सके। गड़बडी फैलाने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करने को भी तैयार है।

**ड्रोन और पीटीजेड कैमरों से निगरानी**

जुलूस ए मोहम्मदी के रूट पर आधा सैकड़ा से अधिक ड्रोन को आयोजन की निगरानी के लिए लगाया गया है। यह कैमरे ऊंचाई से जमीन पर हो रही हर गतिविधि पर अपनी बारीक नजरें बनाए रखेगें। इसके साथ ही पीटीजेड कैमरों व रूट पर सीसीटीवी को भी लगाया गया है।

**सोशल मीडिया पर रहेगी खास नजर**

आयोजन को लेकर जहां पुलिस एक तरफ रूट को सुरक्षित व दुरुस्त करने में लगी है, वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर भी पुलिस का सोशल मीडिया सेल नजर बनाए है। कोई भी भ्रामक सूचना सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म फेसबुक, वाट्सएप एवं ट्विटर पर फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई होगी।

# पीएम से 11 आरक्षण के वर्गीकरण पर जनमत संग्रह कराए की गुहार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। महादलित परिसंघ द्वारा आरक्षण के वर्गीकरण और उसके राज्य सरकारों द्वारा लागू कराए जाने के संबंध में महाधिवेशन का आयोजन अटल बिहारी वाजपई कन्वेंशन सेंटर में किया गया ।

कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश परमपुरे महाराष्ट्र कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा संचालन बेचन की बादल ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में  बृजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चंदन वाल्मीकि ने 11 सूत्रीय प्रस्ताव पढ़कर अपना मांग पत्र रखा  रवि शंकर हवेलकर प्रदेश प्रभारी महादलित परिषद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष वंचित समाज अनुसूची जाति कल्याण महासमिति ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कुल्हाड़ी में लकड़ी का दास्तान होता तो लकड़ी के काटने का रास्ता ना होता अर्थात हमारे भाइयों से ही हम काटे जा रहे हैं हमें आने वाले सामाजिक राजनीतिक आर्थिक संकट से जूझने को तैयार रहना पड़ेगा सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्गीकरण की व्यवस्था कोटा में कोटा लागू किए जाने की राज्य सरकारों से अपील की उन्होंने इसमें जन्म सहभागिता तथा केंद्र सरकार से जन्नत संग्रह कराया जाने सहित उपस्थित जन समुदाय से प्रत्येक अनुसूचित जाति जो वर्गीकरण का समर्थन है ।

उन्हें पोस्टल आर्डर व्हाट्सएप फेसबुक तथा प्रधानमंत्री के ट्विटर एक अकाउंट हैंडल पर भी करोड़ों की संख्या में समर्थन लाइक कमेंट किए जाने की अपील की प्रधानमंत्री मोदी ने वाल्मीकि साक्षात्कार समाज को आज सर्वोच्च सम्मान देकर कुंभ के मेले में सम्मानित किया और महर्षि वाल्मीकि की रचित रामायण के द्वारा भगवान श्री राम का उदय हुआ आज हमारे सक्षम वर्ग के भाई आरक्षण की मलाई अकेले खा रहे हैं और हमारे हक को देना नहीं चाहते भविष्य में हमें अपने हक अधिकार के लिए सड़कों पर भी उतरना पड़ेगा और हो सके तो दिल्ली में भी अपनी ताकत दिखानी पड़ेगी।

# माहौल बिगाड़ने का प्रयास, बुढ़वा मंगल के पोस्टर फाड़े, आरोपी को भेजा गया जेल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बुढ़वा मंगल के उपलक्ष्य में लगाए गए बधाई संदेश पोस्टरों को फाड़ने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित आजम खान को जेल भेज दिया। आरोपित ने शनिवार को अरमापुर बाउंड्री वॉल में लगे पोस्टरों पर छपे हिंदू देवता के चित्र के साथ अमानवीय कृत्य कर धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास कर रहा था।

कल्याणपुर कला निवासी राहुल दीक्षित व उनके साथी उदयपुर निवासी हिमांशु मल्होत्रा ने पनकी कल्याणपुर रोड पर बुढ़वा मंगल के उपलक्ष में शुभकामना संदेश के पोस्टर लगवाए थे। शनिवार शाम पोस्टर के साथ अमानवीय कृत्य कर उसे फाड़ रहे आवास विकास तीन निवासी आजम खान को लोगों ने पकड़ कर मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया।

# जश्न-ए-चिरागां का 112 साला जुलूस आज, मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सजावट

## 65 फीट ऊंचा व्हाइट हाउस, मक्का टॉवर सजाया गया

बीपीएस न्यूज

कानपुर। हजरत मोहम्मद साहब की यौम ए पैदाइश पर मनाए जाने वाले 12 रबी उल अव्वल (ईद मीलादुन्नबी) के मौके पर आज यानी रविवार को जश्न ए चिरागां होगा। शहर की मुस्लिम बाहुल्य आबादी वाले इलाकों को रंग-बिरंगी झालरों व भव्य गेट तैयार कर सजाया गया है।सोमवार को जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा ।परेड, चमनगंज, जाजमऊ, बाबूपुरवा, बेगमपुरवा, जूही, रावतपुर, सुतरखाना, तलाक महल, बेकनगंज, कर्नलगंज समेत अनेक मुस्लिम बाहुल्य आबादी वाले क्षेत्रों में रोशनी के लिए भव्य सजावट की गई है। परेड पर सजावट के साथ आधुनिक लाइटिंग गेट बनाए गए हैं। इसकी तैयारियां पिछले एक माह से चल रही थीं। बाबूपुरवा में विदेशी मस्जिदों के प्रतिरूप बनाए गए हैं। वहीं जूही लाल कॉलोनी में राजस्थानी महल बनाया गया है। सफेद रंग के बोर्ड पर विशेष कारीगरी की मदद से इसे भव्यता के साथ तैयार किया गया है। इसे व्हाइट हाउस नाम दिया गया है। इसकी ऊंचाई 65 फीट है जिसमें ढाई लाख रुपए खर्च हुए ।परेड से 112 साल से निकाले जा रहे जुलूस ए मोहम्मदी के रूट का जमीअत उलमा ए हिंद ने निरीक्षण किया ।परेड के साथ शारदा नगर से भी एक जुलूस निकाला जाता है। निरीक्षण में उलेमा ने हिदायत दी कि सियासी नारे न लगाएं, न ही सियासी झंडे लेकर चलें, ऐसा नारा न लगाएं जो किसी के जज्बात को ठेस पहुंचाए, फूलों की पंखुड़ियों से सबका स्वागत करें, डीजे की आवाज को मानक के अनुरूप रखें, बीच से जुलूस में शामिल न हों, क्रम से ही लगते रहें, अधिक ऊंचे झंडे लेकर न चलें, इसमें लोहे की रॉड न लगाएं।



# बड़े धूमधाम से मनाया 22 वां बाबा रामदेव महोत्सव

कानपुर।  बाबा रामदेव सेवा समिति द्वारा 22वां बाबा रामदेव महोत्सव निर्माणाधीन बाबा रामदेव मंदिर, रामदेवरा धाम मैनावती मार्ग सिंहपुर चौराहा, बिठूर में प्रात: से देर रात्रि तक बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि  जगदीश प्रसाद गुप्ता (मंटोरा ग्रुप) ने दीप प्रज्जवलित करके महोत्सव का शुभारम्भ किया एवं अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्थान के लोकदेवता रामाधीर ने इस धरा पर अवतरित होकर जीवन भर मानवता की मलाई के कार्य एवं लोगों के दुखों को दूर किया। विगत 22 वर्षों से सेवा समिति बाबा के गुणगान के अलाना अन्य सामाजिक उत्थान के कार्य भी कर रही है। भव्य मन्दिर विकित्सालय एवं जनोपयोगी गवन का निर्माण भी तीव्र गति से हो रहा है कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्सव जजमान सरोज देवराज शर्मा ने पूजन-हवन किया श्रीकृष्ण अवतार बाबा रामदेव (रामसापीर) का विशाल भजन संध्या छत्तीसगढ़ से पधारे बाबा भक्त मयंक मयूर बिन्दल एवं चांदनी लाहौटी (जयपुर) द्वारा अन्य कुमार सन्दीप दीक्षित, निधि पूंदडा, मंजुला रामपुरिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कानपुर सांसद रमेश अवस्थी बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।